RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514356
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com

RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty ●well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ●Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


मुकद्दस रमजान
इफ्तार मंगलवार 06:37 PM
सहरी बुधवार 04:56 AM




वर्ष : 26 | अंक : 94 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 26 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# पंजाब में भाजपा अकेले लड़ेगी चुनाव

## अकाली दल से नहीं बनी बात, 1 जून को मतदान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पंजाब में भाजपा की स्थिति साफ हो गयी है। भारतीय जनता पार्टी ने ऐलान किया है कि वह आगामी लोकसभा चुनावों में पंजाब में अकेले उतरेगी। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन को लेकर उसकी बात नहीं बनी है। इस बारे में पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से जानकारी दी। जाखड़ ने कहा कि यह फैसला राज्य में लोगों, पार्टी कार्यकर्ताओं की राय के आधार पर लिया गया है। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए 1 जून को मतदान होगा।



सूत्रों की मानें तो भाजपा और अकाली दल के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद था, इस कारण दोनों दलों के बीच गठबंधन पर बात नहीं बन सकी। अकाली दल ने 9 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था और शेष चार सीटें भाजपा को देने की पेशकश की थी. हालांकि, भाजपा ने पीएम मोदी की व्यापक लोकप्रियता को दर्शाते हुए बड़ी हिस्सेदारी मांगी थी।

बता दें कि शिअद ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के हिस्से के रूप में पंजाब में 2019 का लोकसभा चुनाव (शेष पृष्ठ-4 पर)

### हिमाचल में बागी विधायकों को टिकट

भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस से बगावत कर भाजपा में शामिल हुए सभी 6 विधायकों को टिकट दिया है। भाजपा ने आज एक लिस्ट जारी की जिसमें सभी बागी विधायकों के नाम शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश की इन 6 विधानसभा सीटों पर लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव होगा। भाजपा ने कांग्रेस के सभी बागियों को टिकट दिए हैं। धर्मशाला विधानसभा सीट से सुधीर शर्मा, लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, गगरेट से चैतन्य शर्मा और कुटलैहड़ से देविंद्र कुमार भुट्टों को प्रत्याशी बनाया गया है।

# कंगना पर आपत्तिजनक पोस्ट पर बढ़ा विवाद

## कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की आयोग से शिकायत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और मंडी से बीजेपी उम्मीदवार कंगना रनौत



के खिलाफ कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के अपमानजनक पोस्ट से सियासत गरमा गई है। यह विवाद थमा नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर भाजपा आक्रामक हो गई है। उधर कंगना ने भी इस पर बयान दिया है और कहा है कि महिलाओं का सम्मान होना चाहिए। सोशल मीडिया पर भद्दी टिप्पणी से वह आहत हुई हैं। हालांकि, सुप्रिया का कहना है कि उनके अकांउट का एक्सेस किसी और के पास चला गया था जिससे यह गड़बड़ी हुई। श्रीनेत ने दावा किया है कि यह पोस्ट उन्होंने खुद नहीं किया।

इस बीच, एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि वो इस संबंध में निर्वाचन आयोग से संपर्क करेंगी। शर्मा ने भाजपा के सदस्य तजिंदर बग्गा द्वारा मुद्दा उठाए जाने पर एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, कंगना रनौत आप एक योद्धा और चमकता सितारा हो। असुरक्षित महसूस करने वाले लोग घटिया हरकतें करते हैं. यूं ही चमकती रहिये, मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं. तजिंदर बग्गा निर्वाचन आयोग को पत्र लिख रही हूं।

**कंगना का जवाब**

सुप्रिया के पोस्ट पर कंगना ने जवाब दिया और कहा- प्रिय सुप्रिया जी, एक कलाकार के रूप में अपने (शेष पृष्ठ-4 पर)

# युवती से छेड़छाड़ से रोका तो लगा दी पिटाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** युवती के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे युवकों को टोकना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर के बाहर हमला कर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाना फेस दो में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम गेझा तिलपताबाद निवासी संदीप कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह 22 मार्च की रात्रि को खाना खाने के बाद अपने घर से टहलने के लिए निकला था। पास के ही पार्क के भीतर चीनू व हिमांशु एक लड़की के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे थे। उसने दोनों लड़कों को अभद्र व्यवहार करने से मना करते हुए उन्हें डांट डपट कर वहां से भगा दिया। संदीप कुमार के मुताबिक कुछ देर बाद जब वह घर के लिए वापस आ रहा था तो चीनू, हिमांशु, नीरज, धीरज, धर्मेंद्र सिंह, अंकित, हर्ष सहित 10-12 अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी डंडों व सरियों से मारपीट शुरू कर दी। गंभीर रूप से घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

# दंपत्ति घर लौटे तो टूटा मिला ताला

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस 2 क्षेत्र के सेक्टर 121 में एक फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी, जेवरात व कीमती समान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय दंपति किसी कार्य से बाहर गए हुए थे।

सेक्टर 121 ए ब्लॉक निवासी गौरव बेदी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ किसी कार्य से 21 मार्च को घर से बाहर गए हुए थे। रात के समय जब वह वापस लौटे तो उन्हें घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर जाने पर पता चला कि चोर घर से लाखों रुपए के गहने, 28000 रुपए व अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वही थाना सेक्टर 20 के सेक्टर 27 के अट्टा मार्केट स्थित भंडारी पीजी में रहने वाले छात्र आदर्श राकेश श्रीवास्तव के कमरे से लैपटॉप चोरी हो गया। आदर्श राकेश श्रीवास्तव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने रूममेट अभिषेक शर्मा के साथ कमरे में सो रहा था। सुबह जब वह सो कर उठा तो कमरे से उसका लैपटॉप गायब था। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला की सुबह 6 के आसपास चोरी की घटना हुई है।

# लिंक पर क्लिक करना बना जी का जंजाल

**नोएडा (चेतना मंच)।** घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देकर साइबर ठग ने एक महिला से 142000 ठग लिए। पीड़िता ने थाना सेक्टर 20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 19 में रहने वाली तृप्ति ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते दिनों उसके मोबाइल फोन पर अंजान नंबर से एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने पर उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उक्त व्यक्ति ने उसे घर बैठे पैसे कमाने का ऑफर दिया। उसके झांसे में आकर वह उसके टेलीग्राम एप से जुड़ गई। उक्त व्यक्ति ने उसे बताया कि कुछ पैसे निवेश करने पर वह बेहतर मुनाफा कमा सकती है। शुरुआत में निवेश पर उसे कुछ मुनाफा दिया गया।

साइबर ठग की बातों में आकर उसने उसे पेटीएम के माध्यम से कई बार में 142000 ट्रांसफर कर दिए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में खेली फूलों की होली



**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में होली मनाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर में 'फूलों की होली' में भी शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि पिछले कई दिनों से देशभर के सनातन धर्म के अनुयायी होली जैसे त्योहार के जरिए अपनी 1000 साल की विरासत को आनंद और उत्साह की नई ऊंचाई पर ले जाकर इस त्योहार में हिस्सा ले रहे हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# रालोद के प्रवक्ताओं का पैनल घोषित

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव से पहले मीडिया तथा न्यूज चैनलों में चर्चाओं में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय लोकदल ने राष्ट्रीय प्रवक्ताओं व राज्य प्रवक्ताओं का पैनल घोषित किया है। पैनल में शामिल सदस्य मीडिया में रालोद का पक्ष रखेंगे।

रालोद ने राष्ट्रीय प्रवक्ताओं का पैनल घोषित करते हुए भूपेन्द्र चौधरी को इसका संयोजक बनाया है। इसके अलावा रालोद के वरिष्ठ नेता मनोज चौधरी को भी राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के पैनल में अनिल दुबे, पूर्व विधायक राव वारिश खान, पवन आगरी, जैनब सिकन्दर तथा एडवोकेट अजयवीर सिंह शामिल हैं।

इसके अलावा राज्य प्रवक्ताओं के पैनल का संयोजक सुनील रोहटा को बनाया गया है। इस पैनल में कप्तान सिंह चाहर, कमल गौतम, विश्वास तोमर, अंकुर सक्सेना, सम्राट सिंह चौहान, एड. कपिल जानी, सामंत सेखरी, श्रीमती अंजू मुस्कान, श्रीमती प्रियंका अत्री तथा अंगद बंजारा को शामिल किया गया है।

# डंपिंग ग्राउंड से उठ रहा है धुआं सांसों में घुल रहा है जहर



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-32 स्थित वेब सिटी प्रोजेक्ट के पीछे कूडे के डंपिंग ग्राउंड में लगी आग पर मंगलवार सुबह तक काबू नहीं पाया जा सका है। यह आग बीते शाम को लगी थी, पूरी रात फायर ब्रिगेड की 35 से ज्यादा गाड़ियां आग को बुझाने में लगी और सुबह 4 बजे के करीब आग की लपटे काबू में लग रही थी,



लेकिन सुबह हवा के कारण आग फिर भडक उठी और फायरकर्मी उसे बुझाने में जुटे है। चीफ फायर अफसर के अनुसार आग पर पूरी तरह काबू पाने में दो से तीन दिन तक का समय लग सकता है। आग से निकलने वाली जहरीली गैस और पॉल्यूशन के कारण आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत का समाना करना पड रहा है।। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# रिटायर्ड सैन्यकर्मी से कलयुगी बेटे ने की मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** सरहद पर देश की सीमा करने वाले एक वायु सेनाकर्मी अपने ही बेटे से हार गए। रिटायर्ड वायुसेना कर्मी के बिगड़ैल बेटे ने उनके साथ मारपीट कर गाली गलौज की। पीड़ित ने थाना सेक्टर 39 में अपने बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

छलेरा गांव में रहने वाले रिटायर्ड वायुसेना कर्मी बृज किशोर शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 18 जनवरी की शाम को अपने बड़े बेटे के साथ मकान के बाहर आग जलाकर बैठे हुए थे। इस दौरान उनका छोटा बेटा शोभित कुमार शर्मा वहां पहुंचा और गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो शोभित ने कुर्सी और डंडे से उन पर हमला कर दिया। आरोपी ने उनके हाथ को भी आग से जलने का प्रयास किया। मारपीट व शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद शोभित उन्हें जान से मारने की धमकी देते हो फरार हो गया।

पीड़ित ब्रजकिशोर शर्मा के मुताबिक उनका बेटा पूर्व में भी उन पर हमला कर उनका हाथ तोड़ चुका है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर बने ढाबे में तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित एक ढाबे पर कुछ लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान ढाबे के कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। पूर्व में बिल को लेकर हुए विवाद की वजह से युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया। ढाबा संचालक ने थाना जेवर में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गजनपद बुलंदशहर निवासी विजय कुमार उर्फ शिवा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा के पास ढाबा चलाता है। कुछ दिन पूर्व खाने के बिल को लेकर ढाबा कर्मचारियों का विशाल निशांत आदि के साथ वाद विवाद हुआ था। उस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। दोनों युवक ढाबा कर्मियों को अंजाम भुगतने की धमकी देकर चले गए थे। देर रात विशाल, निशांत, सागर, तुषार आदि उसके ढाबे पर पहुंचे और कर्मचारियों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। कर्मचारियों ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उन के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने ढाबे में भी जमकर तोड़फोड़ की। मारपीट की घटना में ढाबा कर्मचारी कन्हैया को खासी चोट आई हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर चारों युवकों के खिलाफ ढाबे में घुसकर मारपीट में गाली गलौज,मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# क्या हाथी की सवारी करेगा ठाकुर समाज?

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा का चुनाव शुरू हो चुका है। ऐसे में लोकसभा की हर सीट पर रोज नए समीकरण बन रहे हैं। इसी प्रकार की स्थिति नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट की भी है। नोएडा की सीट पर भी चुनाव का मोर्चा पूरी तरह से सज गया है। लोकसभा की गौतमबुद्धनगर सीट जिसे नोएडा सीट के नाम से पहचाना जाता है।



इस सीट पर पूरा चुनावी गणित एक सवाल के इर्द-गिर घूम रहा है। सवाल यह है कि क्या नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट पर ठाकुर समाज हाथी की सवारी करेगा? नोएडा सीट का चुनावी नतीजा इस एक सवाल पर ही निर्भर करेगा।

### तीन योद्धा मैदान में

अब तक सब जान चुके हैं कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर तीन प्रमुख दावेदारों को चुनाव लड़ना है। तीनों दावेदार चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद डॉ महेश शर्मा को चुनाव के मैदान में उतारा है। डॉ महेश शर्मा इस चुनाव में जीत की हैट्रिक बनाने के मकसद से मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी के समझौते के तहत समाजवादी पार्टी ने बिल्कुल नए चेहरे के तौर पर राहुल अवाना को मैदान में उतारा है। एक समय में गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट की सबसे मजबूत पार्टी रही बहुजन समाज पार्टी ने नोएडा सीट से राजेंद्र सिंह सोलंकी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस प्रकार नोएडा सीट पर तीन प्रमुख योद्धा अब चुनावी मैदान में है। इन तीनों योद्धाओं के खुद के अपने-अपने दावे तथा समीकरण हैं। चुनावी विश्लेषक अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं।

### सबका ध्यान ठाकुर समाज पर

नोएडा सीट पर आज की तारीख में चुनावी समीकरण की बात करें तो पूरा चुनावी गणित ठाकुर समाज पर केंद्रित नजर आ रहा है। सभी चुनावी विश्लेषक मान रहे हैं कि नोएडा सीट पर हार-जीत तथा हार-जीत के अंतर को ठाकुर समाज के मतदाता तय करेंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ठाकुर समाज के मतदाता हाथी की सवारी करेंगे? यानी सवाल यह है कि क्या गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट के ठाकुर मतदाता बसपा के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी के पक्ष में वोट डालेंगे। यह सवाल इस कारण उठा है कि बसपा ने नोएडा सीट पर ठाकुर प्रत्याशी इसी मकसद से उतरा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# दिल्ली का गैंगस्टर पुलिस की गोली से लंगड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक बदमाश की थाना जारचा पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। बदमाश के पास से एक बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।



थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि पुलिस को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति सिकंदराबाद रोड की तरफ भागा है। सूचना के आधार पर उन्होंने पुलिस कर्मियों के साथ बाइक सवार का पीछा किया। पुलिस द्वारा पीछा होता देखकर बाइक सवार ने सैंथली गांव के शमशान घाट की तरफ अपनी बाइक मोड दी। खरंजा ऊबड़ खाबड़ होने के कारण बाइक स्लिप होकर गिर गई। बाइक से नीचे गिरे युवक ने पुलिस कर्मियों पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी और वह सड़क पर घायल होकर गिर गया। पुलिसकर्मियों ने घायल बदमाश को दबोच कर तमंचा अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ में उसने बताया अपना नाम कृष्ण पुत्र धर्मेंद्र निवासी झुग्गी झोपड़ी कॉलोनी दक्षिणपुरी दिल्ली बताया। पकड़े गए कृष्ण ने बताया कि उस पर कई मुकदमे चल रहे हैं। तमंचा व चोरी की बाइक होने के कारण वह पुलिस को देखकर भागा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर में भी वांछित था।


सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा



फ़ोन .08750611103

## प्रदूषित देश

भारत तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश है, जिसकी राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित राजधानी है। भारत की करीब 96 फीसदी आबादी जहरीली हवा में जीने को विवश है। प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सूक्ष्मतम कण पीएम 2.5 होना चाहिए, लेकिन दिल्ली का पीएम 92.7 है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका पीएम 80.2 के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के 7800 शहरों में से मात्र 9 फीसदी ही ऐसे हैं, जो मानकों पर खरे उतरते हैं। सिर्फ यही नहीं, सबसे प्रदूषित 50 शहरों में से 42 शहर भारत के हैं। प्रदूषण का यह स्तर भारत के लिए चुनौती ही नहीं, बल्कि संकट का रूप धारण करता जा रहा है। संकट इसलिए भी गहरा है, क्योंकि बिहार के बेगुसराय, पटना, असम के गुवाहाटी, अपेक्षाकृत छोटे शहर-रोहतक (हरियाणा) और मेरठ (उप्र)-भी प्रदूषित होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 का सालाना औसत 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन बेगुसराय का यह स्तर बीते साल 118.9 था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 23 गुना अधिक था। भारत में प्रदूषण के हालात का खुलासा स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था 'आईक्यूएयर' की हालिया रपट में किया गया है। यह डाटा खुद भारत की सरकारों द्वारा दिया गया है, स्विस संस्था ने विश्व-संदर्भ में उन्हें संकलित किया है, लिहाजा संस्था पर आरोप लगाना 'आत्मघाती' होगा। विडंबना है कि हवा, पानी, मिट्टी और जंगल सरीखे मुद्दों पर राजनीति नहीं की जाती। वे चुनाव में गौण ही रहते हैं। हमारी सत्ताओं की प्राथमिकता गरीबी हटाओ और औद्योगिक प्रगति ही रही है। औद्योगिक क्रांति के 200 सालों के दौरान औद्योगिक औजारों ने प्रदूषण को इतना बढ़ा दिया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। पहले संकट दिल्ली समेत कुछ महानगरों तक ही सीमित समझा जाता था, लेकिन स्विस संस्था की रपट ने पूरे भारत के संकट को बेनकाब किया है। भारत की 130 करोड़ से अधिक आबादी 'जहरीली हवा' के शहरों में बसी है। यदि भारत का सच यही है, तो भारत को 'प्रदूषण का देश' करार देना गलत नहीं होगा। दरअसल जिस गति से भारत का शहरीकरण हुआ है या सरकार स्मार्ट सिटी बनाने की परियोजना पर काम कर रही है, उसमें प्रदूषण प्राथमिकता पर नहीं है। उस गति से प्रदूषण के कारकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है। यदि बेगुसराय, गुवाहाटी, रोहतक, मेरठ आदि अपेक्षाकृत छोटे शहरों में प्रदूषण के खतरनाक कारक सामने आए हैं, तो उस लिहाज से राजधानी दिल्ली 'जानलेवा गैस चैंबर' कही जा सकती है। अक्तूबर से फरवरी के दौरान दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400-500 रहता है। उसका औसत भी 250-300 तक रहता है, जो 'बहुत खराब श्रेणी' में आता है। भारत के जो 83 शहर 'आईक्यूएयर' की सूची में हैं, वहां प्रदूषण के स्रोतों और कारकों को लेकर शायद ही कोई अधिकृत सूचना उपलब्ध है। बेगुसराय का ही उदाहरण लें। वहां 2022 में पीएम 2.5 का स्तर 20 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। एक ही साल में 6 गुना प्रदूषण कैसे बढ़ गया, उसके मद्देनजर कोई अधिकृत बयान, जवाबदेही या रपट नहीं है। संभव है कि स्विस रपट के बाद नेताओं और नौकरशाहों के कान पर कोई जूं रेंगने लगे। भारत के वायु प्रदूषण का यथार्थ यह है कि आधा प्रदूषण तो हानिकारक गैसों के कॉकटेल की वजह से है। कृषि, उद्योग, बिजली के प्लांट, परिवहन और घरेलू श्रेणी में जो प्रदूषण के कारक हैं, वे एक शहर से दूसरे शहर और राज्य-दर-राज्य यात्रा करते हैं। लिहाजा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत विभिन्न इलाकों, शहरों, छोटे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों पर एक लक्ष्यबद्ध हस्तक्षेप किया जाता है। हमारे यहां पर्यावरण मंत्रालय हैं, लेकिन फिर भी नकारापन है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे मोक्षस्वरूप, विभु, व्यापक, ब्रह्म और वेदस्वरूप, ईशान दिशा के ईश्वर तथा सबके स्वामी श्री शिवजी मैं आपको नमस्कार करता हूँ। निजस्वरूप में स्थित ( अर्थात मायादिरहित ), ( मायिक ) गुणों से रहित, भेदरहित, इच्छारहित, चेतन आकाश रूप एवं आकाश को ही वस्त्र रूप में धारण करने वाले दिगम्बर ( अथवा आकाश को भी आच्छादित करने वाले ) आपको मैं भजता हूँ।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**निराकारमोंकारमूलं तुरीयं। गिरा ग्यान गोतीतमीशं गिरीशं।।**
**करालं महाकाल कालं कृपालं। गुणागार संसारपारं नतोऽहं।।**

निराकार, ओंकार के मूल, तुरीय (तीनों गुणों से अतीत), वाणी, ज्ञान और इन्द्रियों से परे, कैलासपति, विकराल, महाकाल के भी काल, कृपालु, गुणों के धाम, संसार से परे आप परमेश्वर को मैं नमस्कार करता हूँ।।

**तुषाराद्रि संकाश गौरं गभीरं। मनोभूत कोटि प्रभा श्रीशरीरं।।**
**स्फुरन्मौलि कल्लोलिनी चारु गंगा। लसद्भालबालेन्दु कंठे भुजंगा।।**

जो हिमाचल के समान गौरवर्ण तथा गंभीर हैं, जिनके शरीर में करोड़ों कामदेवों की ज्योति एवं शोभा है, जिनके सिर पर सुंदर नदी गंगाजी विराजमान हैं, जिनके ललाट पर द्वितीया का चंद्रमा और गले में सर्प सुशोभित है।।

**चलत्कुण्डलं भ्रू सुनेत्रं विशालं। प्रसन्नाननं नीलकंठं दयालं।।**
**मृगाधीशचर्माम्बरं मुण्डमालं। प्रियं शंकरं सर्वनाथं भजामि।।**

जिनके कानों में कुण्डल हिल रहे हैं, सुंदर भ्रुकुटी और विशाल नेत्र हैं, जो प्रसन्नमुख, नीलकण्ठ और दयालु हैं, सिंह चर्म का वस्त्र धारण किए और मुण्डमाला पहने हैं, उन सबके प्यारे और सबके नाथ (कल्याण करने वाले) श्री शंकरजी को मैं भजता हूँ।।

**प्रचंडं प्रकृष्टं प्रगल्भं परेशं। अखंडं अजं भानुकोटिप्रकाशं।।**
**त्रयः शूल निर्मूलनं शूलपाणिं। भजेऽहं भवानीपतिं भावगम्यं।।**

प्रचण्ड (रुद्ररूप), श्रेष्ठ, तेजस्वी, परमेश्वर, अखण्ड, अजन्मे, करोड़ों सूर्यों के समान प्रकाश वाले, तीनों प्रकार के शूलों (दु:खों) को निर्मूल करने वाले, हाथ में त्रिशूल धारण किए, भाव (प्रेम) के द्वारा प्राप्त होने वाले भवानी के पति श्री शंकरजी को मैं भजता हूँ।।

**कलातीत कल्याण कल्पान्तकारी। सदा सज्जनानन्ददाता पुरारी।।**
**चिदानंद संदोह मोहापहारी। प्रसीद प्रसीद प्रभो मन्मथारी।।**

कलाओं से परे, कल्याणस्वरूप, कल्प का अंत (प्रलय) करने वाले, सज्जनों को सदा आनंद देने वाले, त्रिपुर के शत्रु, सच्चिदानंदघन, मोह को हरने वाले, मन को मथ डालने वाले कामदेव के शत्रु, हे प्रभो! प्रसन्न होइए, प्रसन्न होइए।।

# सड़क दुर्घटनाओं और उससे मौत को कम करने का ई-फार्मूला

एक और दुनिया के देशों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आने लगी हैं वहीं लाख प्रयासों के बावजूद हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के आकंड़ों में लगातार बढ़ोतरी ही हो रही है। हांलाकि सरकार इसके लिए गंभीर है और नित नए प्रयास व कदम उठाये जा रहे हैं पर परिणाम अभी तक उत्साहजनक नहीं मिल पा रहे हैं। पिछले दिनों देश में चार ई कंसेप्ट पर चर्चा भी आरंभ हुई है पर उसके परिणाम अभी भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। वैश्विक आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो 2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिषत की कमी आई है। ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है।

देश में प्रति घंटा 53 दुर्घटनाएं और 19 मौत हो रही है। सबसे चिंतनीय तो यह है कि 60 प्रतिशत मौत 18 से 35 वर्ष के लोगों की हो रही है। 2022 के आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो देश में चार लाख 50 हजार दुर्घटनाएं हुई और इन दुर्घटनाओं के कारण एक लाख 68 हजार लोग मौत के मुंह में समा गये। आंकड़ों के अनुसार दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत और मौत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इस सबसे जीडीपी में 3.14 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं से मौत वास्तव में गंभीर है और नितिन गडकरी की चिंता देश की चिंता है। दरअसल दुर्घटनाओं से मौत के कारण होने वाले नुकसान को कम करके नहीं देखा जा सकता। दुर्घटना के कारण जन हानि, धन हानि और इसके साथ ही अन्य परिणामों की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

देष में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को आधी करने के लक्ष्य को लेकर चलने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं और मौत का आंकड़ा दोनों में ही कमी नहीं आ रही है। हांलाकि पिछले दिनों भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के आंकड़े को 2030 तक आधी करने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए चार ई का फार्मूला दिया है। चार ई में इंजीनियरिंग, एंफोर्समेंट, एजुकेशन और इमरजेंसी मेडिकल सुविधा शामिल है। सही भी है सड़क बनाते समय थोड़ा सा ध्यान नहीं देने से एक्सिडेंट स्पॉट रह जाते हैं और वह आये



**सड़क दुर्घटनाओं और उनके कारण होने वाली मौत वास्तव में गंभीर है। विशेषज्ञों को एक साथ कई मोर्चों पर प्रयास करने होंगे। सड़क निर्माण से लेकर एक नियत दूरी पर मेडिकल चिकित्सा सुविधा और अन्य आधारभूत सुविधाओं की और ध्यान देना होगा।**

दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। देश में सबसे अधिक दुर्घटना का कारण इस तरह के एक्सिडेंट स्पॉट ही हैं। हालात यहां तक है कि इस तरह के एक्सिडेंट स्पॉट गली कूचे की सड़कों से लेकर विशेषज्ञों द्वारा गहन चिंतन मनन से तैयार रोड़मेप से बनने वाली एक्सप्रेस हाई वे तक में मिल जाती है। एक बड़ा कारण नेशनल हाई वे लेकर गली कूचों की सड़कों में गड़डों की भरमार भी दुर्घटना और मौत का कारण बन जाती है। तस्वीर का एक पक्ष तो यह भी है कि नेशनल हाई वेज जहां हम टोल देकर यात्रा करते हैं वहां भी सड़कों के रखरखाव में कमी आसानी से देखी जा सकती है। बर्षात या अन्य कारणों से सड़क के ऊंची नीची होने या गड़डें होने के कारण दुर्घटनाएं आम है। खतरनाक मोड व अन्य तकनीकी खामियों के चलते दुर्घटनाएं होने से लोगों को जान से हाथ धोना पड़ जाता है। एंफोर्समेंट, एजुकेशन और दुर्घटना के समय तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना अतिआवश्यक होता है। समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से दुर्घटना के कारण कम से कम जिंदगी तो बचाया जा सकता है। हांलाकि दुर्घटनाओं और इनके कारण होने वाली मौत को लेकर दुनिया के अधिकांश देश चिंतित है और इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है।

तस्वीर का दूसरा पक्ष और भी अधिक गंभीर है। सड़क दुर्घटनाओं के कारण दुनिया के देशों में होने वाली मौतों का विश्लेषण किया जाए तो 10 में से 9 मौत निम्न व मध्यम आय वाले देशों में हो रही है। यहां तक कि इन देशों में एक प्रतिशत के लगभग ही वाहन है। दूसरी और दुनिया के एक दर्जन से अधिक देश ऐसे भी है जिन्होंने एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों के आंकड़ें को लगभग आधा कर लिया है। वहीं दुनिया के करीब 35 देशों ने मौत के आंकडें में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। वैश्विक स्तर पर यह किसी शुभ संकेत से कम नहीं है। आवश्यकता इसी बात की है कि भारत सहित दुनिया के देशों में सड़क दुर्घटनाओं और इनके कारण होने वाली मौतों को लगभग न्यूनतम स्तर पर लाने के प्रयास जारी रखने होंगे। सबसे अधिक ध्यान दुनिया के देशों को आपसी अनुभवों को साझा करने में करना होगा। दरअसल सड़क दुर्घटनाओं और उनके कारण होने वाली मौत अत्यंत गंभीर चिंतनीय है। यह केवल हमारे देश की चिंता ही नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में यह समस्या आम होती जा रही है।

सड़क दुर्घटनाओं और उनके कारण होने वाली मौत वास्तव में गंभीर है। विशेषज्ञों को एक साथ कई मोर्चों पर प्रयास करने होंगे। सड़क निर्माण से लेकर एक नियत दूरी पर मेडिकल चिकित्सा सुविधा और अन्य आधारभूत सुविधाओं की और ध्यान देना होगा। केन्द्र के राजमार्ग परिवहन मंत्रालय व राज्यों के सड़क निर्माण विभागों को एक नहीं अपितु कई मोर्चों पर ध्यान देना होगा। एक और शोध और अनुसंधान पर ध्यान देना होग, निर्माण सामग्री में गुणवत्ता और कार्य में स्तरीयता पर बल देना होगा। इसके साथ ही रोड सेफ्टी कानून कायदों की सख्ती से पालना के साथ ही भारतीय सड़कों के अनुसार वाहनों के निर्माण और सेफ्टी सिस्टम्स को मजबूत बनाना होगा। आशा की जानी चाहिए कि फोर ई कंसेप्ट अपने उद्देश्य में सफल रहेगा ताकि देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का सिलसिला न्यूनतम स्तर पर आ सके।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# मुसलमानों को नागरिकता की मांग का औचित्य

जब से भारत सरकार ने नागरिकता अधिनियम में संशोधन के बाद यह प्रावधान किया है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के प्रताड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई भारत की नागरिकता प्राप्त करने के अधिकारी होंगे, तब से कांग्रेस, मुस्लिम लीग और कम्युनिस्टों की मांग है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमानों को भी भारतीय नागरिकता लेने का अधिकार मिलना चाहिए। इसका मोटा अर्थ यह है कि जो लाखों बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अवैध ढंग से भारत में घुस आए हैं, उनको भी घुसपैठिए न मान कर शरणार्थी माना जाए और मांग पर भारतीय नागरिकता दी जाए। उनका कहना है कि भारत पंथनिरपेक्ष है, इसलिए किसी पंथ या मजहब के आधार पर किसी को न तो सुविधा दी जा सकती है और न ही भेदभाव किया जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही ये यह भी मांग करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 इसलिए लागू किया जाए क्योंकि वहां इस्लाम पंथ को मानने वाले बहुसंख्यक में हैं।

नागरिकता के प्रश्न पर इन्होंने भारत के दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडक़ों के प्रदर्शन में जोडऩे का प्रयास किया है और कुछ सीमा तक उन्हें जोडऩे में सफल भी हुए हैं। इन मुसलमानों में से अधिकांश तो भारतीय मुसलमान ही हैं जिनके पुरखे सल्तनत काल या मुगल काल में मतांतरित होकर मुसलमान बन गए थे। लेकिन एक-आध प्रतिशत अरब, मंगोल, तुर्क या फिर मुगल मुसलमान भी हैं, जिनके पुरखे इन देशों से अरसा पहले आए थे। ये या तो हमलावर थे या फिर देश पर अरबों या तुर्कों का कब्जा हो जाने के बाद यहां आ बसे थे। इन एक-आध प्रतिशत मुसलमानों का भारत की मस्जिदों और जियारतखानों पर कब्जा है। मौलाना अबुल कलाम आजाद, जो भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे, वे इन मुसलमानों की संख्या पांच प्रतिशत बताया करते थे।

उनके स्वयं के पुरखे भी अरब से आए थे। लेकिन उनका कहना था कि ये पांच प्रतिशत बाबरी मुसलमान अब इस देश की मिट्टी में रच-बस गए हैं। लेकिन मौलाना आजाद के वक्त भी यही पांच प्रतिशत भारतीय मुसलमानों को भडक़ाया करते थे और आज उनके गुजर जाने के इतने दशकों बाद भी यही भारतीय मुसलमानों को बहका, डरा और धमका रहे हैं। अलबत्ता दारा शकोह ने इस देश की मिट्टी में घुल-मिल जाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन उसको उन्हीं मुल्लाओं ने निपटा दिया। आज भी नागरिकता संशोधन अधिनियम के सवाल पर इन्हीं पांच प्रतिशत ने, मस्जिदों से आम भारतीय मुसलमानों को बहकाया या भडक़ाया और दोनों मिल कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग की राजनीति के मोहरे बन कर सडक़ों पर तांडव करने लगे। वैसे कांग्रेस, कम्युनिस्ट शायद समझ रहे हों कि वे इन दोनों प्रकार के ही मुसलमानों को अपनी राजनीति का मोहरा बना रहे हैं, जबकि हो सकता है




**राम मनोहर लोहिया ने बहुत अरसा पहले यह प्रस्ताव रखा था। इसके बाद यदि मुसलमानों को लगे कि उनकी पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकता के कोई मायने नहीं बचे हैं तो फिर वे स्वयं एकीकृत भारत की मांग उठाएं। तभी उन्हें नागरिकता मिलेगी।**

सडक़ों पर उतर रहे भारतीय और अरब तुर्क मुसलमान इन राजनीतिक दलों को अपनी बड़ी योजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हों। लेकिन इन दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडक़ों पर उतार कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग जो प्रश्न उठा रहे हैं, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम में भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों के लिए किया गया है, जबकि वह पाकिस्तान से आने वाले मुसलमानों के लिए भी किया जाना चाहिए। पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमान, यदि वे भारत में आ जाते हैं, तो उनकी मांग पर, उनकी भारतीय नागरिकता उन्हें वापस देनी चाहिए। वापस देने का प्रसंग इसलिए उठ रहा है क्योंकि 1947 से पहले इन सभी के पास भारतीय नागरिकता ही थी। यदि भारत विभाजन न होता तो आज इनके पास वही भारतीय नागरिकता बनी रहती। अब यदि पाकिस्तान और बांग्लादेश के लाखों मुसलमान फिर से अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करना चाहते हैं तो भारत के विभाजन के प्रश्न पर पुनः विचार करना होगा।

यदि विभाजन के सत्तर साल बाद भी पाक-बांग्लादेश के मुसलमान नागरिकों को भी यह लगता है कि इससे अच्छी भारत की नागरिकता ही थी, तब देश विभाजन के औचित्य पर तो प्रश्नचिन्ह लगेगा ही। यदि पाकिस्तान के नागरिकों को अंततः भारत की नागरिकता ही वापस लेनी थी तो भारत का विभाजन कर एक नई पाकिस्तानी नागरिकता सृजित करने की जरूरत ही क्या थी? लेकिन इस विवाद के इस मोड़ पर एक और प्रश्न भी खड़ा होता है। पाकिस्तान के इन मुसलमान नागरिकों ने, जो समग्र भारतीय विरासत का हिस्सा ही थे और उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे, स्वेच्छा से पाकिस्तानी नागरिकता के लिए संघर्ष किया था। इस संघर्ष में कम्युनिस्टों ने उनका साथ दिया था। कम्युनिस्ट जो मजहब के जनक ईश्वर के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करते, वे ही मजहब के आधार पर पाकिस्तान के निर्माण का समर्थन कर रहे थे। कांग्रेस शुरू में तो मजहब के आधार पर विभाजन का विरोध करती थी, लेकिन कांग्रेस कार्यसमिति ने 12 जून 1947 को भारत विभाजन का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस के बड़े अभिकरण एआईसीसी यानी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के 14 जून को आहूत अखिल भारतीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया। लेकिन इन दोनों प्रस्तावों के पारित करने से भी पहले 3 जून 1947 को कांग्रेस, मुस्लिम लीग और उस समय के ब्रिटिश भारत के वायसराय लार्ड माऊंटबेटन ने संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में ब्रिटिश भारत के विभाजन और एक नए देश पाकिस्तान के निर्माण की घोषणा की। इस प्रकार कांग्रेस ने मुस्लिम लीग की अलग पाकिस्तानी नागरिकता की मांग के आगे हथियार डालते हुए अंतिम दिनों में उनके सहयोगी की भूमिका को स्वीकार किया था। मुस्लिम लीग शुरू से ही भारतीय मुसलमानों के लिए पाकिस्तानी नागरिकता की मांग कर रही थी। लेकिन अब वही कांग्रेस और वही मुस्लिम लीग मानसिकता के संगठन यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान (बांग्लादेश उसी का हिस्सा था) के नागरिकों को भी पुनः उनकी भारतीय नागरिकता वापस देनी चाहिए।

यदि कांग्रेस, कम्युनिस्टों और मुस्लिम लीग को सचमुच यह लगता है कि पाक-बांग्लादेश के मुसलमानों को भी उनकी भारतीय नागरिकता वापस मिलनी चाहिए तो जिन मुसलमानों को सडक़ों पर लाकर वे तोडफ़ोड़ और आगजनी कर रहे हैं, पाकिस्तान, बांग्लादेश के हिंदू, सिख और बौद्ध शरणार्थियों को उनकी पुरानी भारतीय नागरिकता देने का विरोध कर रहे हैं, उनको साथ लेकर पहले कदम के तौर पर पाकिस्तान-बांग्लादेश और भारत के एक परिसंघ के निर्माण की मांग उठाएं। जाहिर है कि इसकी शुरुआत कांग्रेस को और 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह' के नारे लगा रहे मुसलमानों को ही करनी होगी। यदि अरब, तुर्क, मंगोल और मुगल मूल के मुसलमान इससे न भी सहमत हों तो केवल भारतीय मुसलमानों को ही सडक़ों पर भारत विभाजन समाप्त करने के लिए नारे ही नहीं लगाने होंगे, बल्कि उसके लिए प्रयास भी करना होगा। राम मनोहर लोहिया ने बहुत अरसा पहले यह प्रस्ताव रखा था। इसके बाद यदि मुसलमानों को लगे कि उनकी पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकता के कोई मायने नहीं बचे हैं तो फिर वे स्वयं एकीकृत भारत की मांग उठाएं। लेकिन क्या कांग्रेस सचमुच हृदय से भारत विभाजन की अपनी मूर्खता को स्वीकार कर पाक, बांग्लादेश के नागरिकों को उनकी पुरानी भारतीय नागरिकता वापस दिलवाना चाहती है या एक बार फिर उनका अपनी सत्ता वापसी के लिए सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करना चाहती है, यह देखने वाली बात होगी।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
**वरिष्ठ स्तंभकार**

## राशिफल

फाल्गुन : एकम
( विक्रम संवत् 2080 )

**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
भावुक बने रहेंगे। मन से परेशान रहेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम,संतान मध्यम।

**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
गृह-कलह के शिकार होंगे। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान मध्यम।

**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शारीरिक स्वास्थ्य पहले से बेहतर है। धन का आगमन बढ़ेगा।

**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, लेकिन तबियत अभी भी बहुत अच्छी नहीं दिख रही है।

**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
मानसिक परेशानी बने रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। नेत्र पीड़ा भी संभव है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
आर्थिक स्थिति सुधरेगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। नए स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा का भी योग बनेगा।

**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
स्वास्थ्य पहले से बेहतर। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा और साथ मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात थोड़ी सी विवादित हो सकती है।

**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा लेकिन डिस्टर्बेंस बना रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। स्वास्थ्य मध्यम। व्यापार ठीक है।

# भाकियू (अराजनैतिक) की पंचायत में दर्जनों लोगों ने ली संगठन की सदस्यता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान युनियन (अराजनैतिक) की एक पंचायत गांव भट्टा मे चौधरी आनंद सिंह दरोगा के यहा की गई पंचायत की अध्यक्षता चौधरी सतवीर सिंह व संचालन चौधरी देवेंद्र सिंह ने किया।



इस दौरान भारी संख्या में किसानों ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी जीवन सिंह व एनसीआर अध्यक्ष विभोर शर्मा की मौजूदगी में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से गांव भट्टा से रविंद्र सिंह, रतन फौजी,पप्पू सिंह, अरविन्द, मनजीत सिंह, मनोज, रामबीर गायक,भोपाल, सुमित पहलवान,हरपाल शर्मा, परमानन्द शर्मा,जवाहर सिंह,बीरू बाल्मीकि,मुकुल बाल्मीकि, राजीव, ओमवीर मुनीम, रामनिवास, वेदवीर,बिर्जेश सिंह,अनिल, डॉ कुन्दन सिंह, एडवोकेट प्रमोद सिंह गांव मुतेना से जयवीर सिंह, कलुवा, सतवीर, जितेंद्र प्रधान, सतपाल फौजी,आदि इस दौरान प्रदेश संरक्षक पंडित रामकुमार शर्मा,प्रदेश सचिव रणवीर अवाना राकेशा चौधरी, दिनेश शर्मा,ठा प्रदीप भाटी, ठा शैलेश भाटी,भूदेव प्रजापति, ठा सोनू भाटी, बिजन्द्र भाटी, ओम सिंह अवाना, विजेंद्र सिंह चौहान, संजय शर्मा, रामबीर अवाना,अमित शर्मा, गोपी कश्यप,मोहित शर्मा धर्मवीर अवाना, आदि सैकड़ों किसान रहे मौजूद पंचायत में विभोर शर्मा ने एनसीआर उपाध्यक्ष चौधरी आनंद सिंह व एनसीआर सचिन ठाकुर राजकुमार पवार नियुक्त किया



**भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 40वें दिन भी जारी रहा।** **फोटो: चेतना मंच**



**भाकियू बलराज के कैम्प कार्यालय कैमराला में होली खेलते संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी एवं प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी।**

# बम नगाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी तहसील के रूपवास गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के उपलक्ष्य में बम नगाड़ा का कंपटीशन हुआ। जिसमें भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन किसान नेता ग्रामवासी राजकुमार रूपबास का कहना है कि बहुत ही पुरानी परंपरा बुजुर्गों की चली आ रही है जिसमें पूर्व में स्वर्गीय राजवीर सिंह एव, नथू सिंह उर्फ छैलू सिंह एक मोहल्ले की कमान संभालते थे। दूसरे मोहल्ले के स्वर्गीय जयपाल सिंह वे वीरपाल सिंह संभालते थे लेकिन इनके स्वर्गवास होने के बाद एक तरफ ईश्वर सिंह दूसरी तरफ चौधरी चरण सिंह ने बम नगाड़ों की कमान संभाल रखी है जो सभी एक साथ मिलकर ताल ठोकते हैं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं।

इस दिन बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ त्योहार को मानते हैं बम नगाड़ों का कंपटीशन देखने के लिए आसपास गांव जैसे खेड़ी तिलपता,श्योराजपुर सैनी सुनपुरा आमका दादरी बड़पुरा फूलपुर दिल्ली फतेहपुर गाजीपुर गाजियाबाद बुलंदशहर जिले आदि गांव के लोग देखने के लिए आते हैं।



इस मौके पर जयपाल सिंह हवलदार बाबूराम बलराज भूले राम चिंता प्रधान शेरु पहलवान किसान नेता राजकुमार रूपबास,शिवकुमार सुरेंद्र इकराम प्रधान संजय प्रधान सतपाल उर्फ बिल्लू महिपाल,श्योराज जीतराम करतार सिंह अजीत प्रधान भीम सिंह डॉ महावीर विक्रम सिंह सुरेश प्रधान देवी राम विजयपाल धर्मेंद्र प्रधान सरजीत सभासद,राजपाल सिंह प्रिंसिपल राज सिंह महेश एडवोकेट अवतार सिंह रणवीर सिंह हातिम सिंह राजेंद्र मुंशी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# सीटू की दिल्ली में हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सीटू दिल्ली राज्य कमेटी के तहत दिल्ली से चलने वाली सीटू से संबद्ध यूनियन के प्रधान, महामंत्री, कैशियर की आगामी लोक सभा चुनाव में 'सीटू की समझ' विषय पर चर्चा आयोजित की गई।

सभा को कामरेड तपन सेन, राष्ट्रीय महासचिव सीटू ने संबोधन किया, विस्तार से केंद्र सरकार की अलग अलग नीति का मजदूर वर्ग व आम जन पर असर को रखा। कामरेड सुदीप,राष्ट्रीय सचिव, सीटू ने महंगाई अनुसार वेतन न बढ़ना, रोज़गार की हर परिवार में स्थिति पर बात रखी।



**भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी से फूलों की होली खेलते पार्टी के नेता सुनील खारी।**

## शहीदी दिवस मनाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महान क्रांतिकारी राजगुरु, भगत सिंह, सुखदेव का शहीदी दिवस 23 मार्च को सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर सीटू नेता रामसागर, हुकम सिंह, सुनील पंडित, राम स्वारथ, गंगेश्वर दत्त शर्मा, मुकेश कुमार राघव, रंजीत तिवारी आदि के नेतृत्व में मजदूर बस्ती सेक्टर- 8, नोएडा बरौला सेक्टर- 49, भंगेल फेस-2, वाइबो कास्टिक कंपनी फेस- 2, नोएडा, अनमोल इंडस्ट्रीज उद्योग विहार ग्रेटर नोएडा, एक्सीडेंट टूल्स उद्योग केंद्र ग्रेटर नोएडा आदि विभिन्न मजदूर बस्तियों व कम्पनियों के गेटों पर कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हमारे देश को ब्रिटिश साम्राज्य से आजाद करवाने में जो अनगिनत कुर्बानियां दी गई उनमें अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को घर-घर में जाना जाता है। ये तीनों शहीद से आज भी हमें इंकलाब की प्रेरणा देते हैं। 93 वर्ष पूर्व 23 मार्च 1931 को उन्हें अंग्रेजों ने फांसी दी थी। उन्हें याद करते हुए हम कभी नहीं भूलते कि उनका लक्ष्य पूंजिपति राज की बजाय कमेरे वर्गों का राज स्थापित करने वाली क्रांति लाना था। एक ऐसा सिस्टम जहां आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, भाषा, जाति, लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार के शोषण व भेदभाव की अनुमति नहीं हो। ऐसे महान शहीदों और किसान- मजदूरों के कठिन संघर्षों से हमें जो आजादी और लोकतांत्रिक अधिकार व मूल्यबोध प्राप्त हुए थे, गत 75 सालों से उन्हें एक पर एक नष्ट किया जा रहा है। पिछले 10 सालों में तो हद कर दी। कॉरपोरेट - पूंजीपतियों के साथ भाजपा शासन अपराधतंत्र और सांप्रदायिकता के भ्रष्ट गठजोड़ के रूप में देश को बर्बादी के कगार पर ले आया है। आर्थिक गैर - बराबरी का आलम यह है कि किसान- मजदूर कर्ज में डूब कर आत्महत्या कर रहे हैं । करोड़ों युवा रोजगार के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। दूसरी तरफ मुट्ठी भर बड़े पूंजीपतियों को राष्ट्रीय संपत्तियों के बड़े हिस्से पर कब्जा करने की छूट दे दी गई है। बदले में वे भाजपा को चुनावी बौंड के बहाने जिस तरह चोर दरवाजे से अरबों रु देते रहे हैं, उसका भंडार फोड़ हो चुका है। कृषि क्षेत्र को भी कारपोरेट के हाथों में सौंपने के षड्यंत्र हो रहे हैं जिसके खिलाफ देश का संयुक्त किसान मोर्चा शक्तिशाली आंदोलन कर रहा है।

# आईआईए के उद्यमियों ने मनाया होली मिलन समारोह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** रॉयल हैबिटेट सेंटर के प्रांगण में आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर ने होली के रंग आपके संग उत्सव का अयोजन किया, जिसमे 300 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

नोएडा चैप्टर से मनीष गुप्ता, सुश्री रेखा, सिकंदराबाद चैप्टर से नितिन जैन व विकास शर्मा, ग्रेटर नोएडा चैप्टर से राजीव सूद, बीआर भाटी, राष्ट्रीय सचिव विशारद गौतम, चेयरमैन राकेश बंसल, कोषाध्यक्ष विपिन माहना, सचिव सरबजीत सिंह, सर्वेश गुप्ता, जेएस राणा मुख्य रहे।

# विचार गोष्ठी आयोजित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ग्रेटर नोएडा के भट्टा पारसौल गांव में किसान सभा ने भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव का शहीद दिवस लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में मनाया-कार्यक्रम के मुख्य वक्ता किसान सभा की केंद्रीय समिति के सदस्य कामरेड डीपी सिंह रहे कार्यक्रम का आयोजन उदयवीर मलिक चंद्रपाल सिंह कुंवर पाल सिंह मलिक मंगू त्यागी ने किया। विचार गोष्ठी में शामिल सैकड़ो लोगों को संबोधित करते हुए किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि भगत सिंह सुखदेव राजगुरु देश में लोकतंत्र की स्थापना के लिए शहीद हुए थे वर्तमान सरकार लोगों की आवाज बंद कर लोकतंत्र का अपहरण कर रही है विपक्ष को खत्म कर रही है तानाशाही कर रही है जिसके खिलाफ खड़े होकर मुकाबला करने की चुनौती है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सांप्रदायिकता देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन गई है।



**सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में होली खेलते सोसायटीवासी।**



**बिरौंडी गांव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद डा. महेश शर्मा का स्वागत करते हिन्दु युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष चैनपाल प्रधान।**



**सीटू कार्यकर्ताओं ने शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का शहीदी दिवस 23 मार्च को 'लोकतंत्र बचाओ दिवस' के रूप में मनाया।**

# नोएडा सीट पर क्या है शुरूआती समीकरण, जानिए विश्लेषकों की राय

उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर को उत्तर प्रदेश का मुख्य प्रवेश द्वार माना जाता है। नोएडा देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ शहर है। यही कारण है कि दिल्ली से लेकर लखनऊ तक नोएडा की खूब चर्चा होती है। इन दिनों लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। ऐसे में नोएडा की राजनीति की चर्चा भी दूर तक हो रही है। हर कोई जानना चाहता है कि नोएडा सीट के नाम से प्रसिद्ध लोकसभा की गौतमबुद्धनगर सीट के क्या समीकरण हैं। यहां हम विश्लेषकों के द्वारा बता रहे हैं कि नोएडा सीट के ताजा हालात।

**नोएडा सीट पर उतरे हैं तीन प्रत्याशी**

अब तक सब जान चुके हैं कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर तीन प्रमुख दावेदारों को चुनाव लड़ना है। तीनों दावेदार चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद डॉ महेश शर्मा को चुनाव के मैदान में उतारा है। डॉ महेश शर्मा इस चुनाव में जीत की हैट्रिक बनाने के मकसद से मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी के समझौते के तहत समाजवादी पार्टी ने बिल्कुल नए चेहरे के तौर पर राहुल अवाना को मैदान में उतारा है। एक समय में गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट की सबसे मजबूत पार्टी रही बहुजन समाज पार्टी ने नोएडा सीट से राजेंद्र सिंह सोलंकी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस प्रकार नोएडा सीट पर तीन प्रमुख योद्धा अब चुनावी मैदान में है। इन तीनों योद्धाओं के खुद के अपने-अपने दावे तथा समीकरण हैं। चुनावी विश्लेषक अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं।

**नोएडा सीट पर सबसे बड़ा सवाल**

नोएडा सीट पर आज की तारीख में चुनावी समीकरण की बात करें तो पूरा चुनावी गणित ठाकुर समाज पर केंद्रित नजर आ रहा है। सभी चुनावी विश्लेषक मान रहे हैं कि नोएडा सीट पर हार-जीत तथा हार-जीत के अंतर को ठाकुर समाज के मतदाता तय करेंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या ठाकुर समाज के मतदाता हाथी की सवारी करेंगे? यानी सवाल यह है कि क्या गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट के ठाकुर मतदाता बसपा के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी के पक्ष में वोट डालेंगे। यह सवाल इस कारण उठा है कि बसपा ने नोएडा सीट पर ठाकुर प्रत्याशी इसी मकसद से उतरा है कि ठाकुर तथा बसपा के परंपरागत दलित समाज के वोटर भी लेकर चुनाव को बसपा की तरफ मोड़ सकते हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ठाकुर समाज को अपना परंपरागत वोटर मानती रही है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कारण प्रदेश का पूरा ठाकुर समाज बीजेपी का कट्टर समर्थक माना जाता है। भाजपा के नेताओं तथा समर्थकों का दावा है कि ठाकुर समाज किसी भी दल को वोट दे सकता है किंतु ठाकुर बसपा के हाथी पर कभी भी सवार नहीं हो सकते। ठाकुर समाज को बसपा का पुराना नारा। ''तिलक तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार'' हमेशा याद रहता है। तमाम चुनावी विश्लेषक इसी काम में लगे हुए हैं कि क्या नोएडा सीट पर ठाकुर मतदाता हाथी की सवारी करेंगे? नोएडा से लेकर ग्रेटर नोएडा, जेवर, सिकंदराबाद तथा खुर्जा तक ठाकुर समाज को लेकर यह सवाल खूब गूंज रहा है।

**आगे पता चलेगा**

अभी तो नोएडा सीट पर चुनाव बस शुरू ही हुआ है। आने वाले दिनों में यहां ढेर सारे नए-नए समीकरण बनेंगे तथा बिगड़ेंगे। ऐसे में अभी से नोएडा सीट पर कोई भविष्यवाणी करना उचित नहीं है। विश्लेषक यह बात मानकर चल रहे हैं कि इस सीट पर ठाकुर समाज का एक तरफ रुझान बहुत कुछ तय करने वाला है। नोएडा सीट पर गुर्जर समाज भी बड़ी शिद्दत के साथ यह दिखेगा कि ठाकुर किस तरफ जा रहे हैं। उसी के बाद गुर्जर समाज का रुक तय होगा। गुर्जर समाज मानकर चल रहा है कि उनके समाज से जो प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा गया है वह प्रत्याशी पूरी तरह से भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। हर रोज नोएडा सीट पर नए विश्लेषण सामने आने वाले हैं।

**बसपा का बड़ा दांव**

विश्लेषकों की माने तो नोएडा सीट पर बसपा (बीएसपी.....)का प्रत्याशी घोषित होने तक इस सीट पर भाजपा के साथ सपा तथा कांग्रेस के गठबंधन का मुकाबला माना जा रहा था। बसपा ने जैसे ही ठाकुर समाज से आने वाले नेता राजेन्द्र सिंह सोलंकी के नाम की घोषणा की वैसे ही समीकरण पूरी तरह से बदल गए। बसपा ने नोएडा सीट पर एक तीर से कई निशाने साधने का प्रयास किया है। ऐसे में सभी विश्लेषक मानकर चल रहे हैं कि बसपा के प्रत्याशी के सामने सपा तथा कांग्रेस गठबंधन का प्रत्याशी कमजोर नजर आने लगा है। अगले कुछ दिनों में स्पष्ट हो जाएगा कि नोएडा की सीट पर भाजपा का मुकाबला सीधे-सीधे बसपा के साथ होगा अथवा सपा का प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाकर कुछ नया गुल खिलाएगा। सभी विश्लेषक इस बात पर एकमत हैं कि ठाकुर प्रत्याशी पर दांव लगाकर बसपा ने नोएडा की सीट पर एक दिलचस्प मुकाबला बनाने की चाल चली है।

## नोएडा सीट पर मतदान प्रतिशत बढ़ाना आयोग की बड़ी चुनौती

लोकसभा का चुनाव शुरू हो गया है। पूरे देश की तरह से ही नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर भी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। राजनीतिक दलों के सामने जहां चुनाव जीतने की बड़ी चुनौती है। वहीं नोएडा की सीट पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाना चुनाव आयोग तथा जिला प्रशासन की सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में नोएडा सीट पर 59.60 प्रतिशत वोट पड़े थे। अब सवाल यह है कि क्या नोएडा का जिला प्रशासन और चुनाव आयोग इस बार नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट पर मतदान का प्रतिशत बढ़ा पाएगा ? आपको बता दें कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट नोएडा सीट के नाम से प्रसिद्ध है। पूरी गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट के क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट आती हैं। इस क्षेत्र में नोएडा विधानसभा, दादरी विधानसभा तथा जेवर विधानसभा गौतमबुद्धनगर जिले की विधानसभा सीट हैं। वहीं सिकन्द्राबाद तथा खुर्जा विधानसभा सीट बुलंदशहर जिले की सीट हैं। इन पांच विधानसभा सीटों को मिलाकर गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट बनाई गई है। वर्ष-2019 के लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में 59.60 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस मतदान में नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 50.72 प्रतिशत, दादरी विधानसभा क्षेत्र में 61.16 प्रतिशत, जेवर विधानसभा क्षेत्र में 66.78 प्रतिशत, खुर्जा विधानसभा क्षेत्र में 57.3 प्रतिशत तथा सिकन्द्राबाद क्षेत्र में 58.7 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में इस बार 26 लाख रजिस्टर्ड मतदाता हैं। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा जैसे प्रमुख शहरों में फैली गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाना चुनाव आयोग तथा जिला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती का काम होगा। चुनाव आयोग के निर्देश पर नोएडा के जिला प्रशासन ने चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास भी शुरू कर दिए है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**पंजाब में भाजपा ....**

भाजपा के साथ मिलकर लड़ा था। लेकिन दोनों दल बहुत खास परिणाम हासिल करने में असमर्थ रहे थे. कांग्रेस ने 13 में से 8 सीटें जीती थीं। भाजपा के खाते गुरुदासपुर और होशियारपुर सीटें गई थीं. अकाली दल ने फिरोजपुर और बठिंडा सीटें जीती थीं। आम आदमी पार्टी ने संगरूर सीट पर जीत हासिल की थी।

शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों के विरोध में सितंबर 2020 में भाजपा के साथ अपना नाता तोड़ लिया था. किसानों के व्यापक विरोध के बाद मोदी सरकार ने तीनों कानून वापस ले लिए थे. सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब की जवानी, किसानी, व्यापारी, मजदूरों और सबके भविष्य के लिए भाजपा ने राज्य में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है. प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पंजाब में जो काम हुए हैं, वो किसी और ने नहीं किए।

एमएसपी पर कानून बनाने की मांग को लेकर किसान एक बार फिर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इस पर सुनील जाखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार ने जिन फसलों पर एमएसपी घोषित की है, वे सभी एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं और पैसा कुछ ही हफ्तों में किसानों के खातों में पहुंच रहा है. पंजाब बीजेपी प्रमुख ने आगे कहा कि करतारपुर कॉरिडोर, जिसके लिए लोग दशकों से अनुरोध कर रहे थे, वह भी वाहेगुरु के आशीर्वाद से पीएम मोदी के कारण ही संभव हुआ।

करतारपुर कॉरिडोर, भारतीय सिखों के लिए करतारपुर साहिब गुरुद्वारे के वीजा-मुक्त %दर्शन% की सुविधा प्रदान करता है, जो सीमा पार पाकिस्तान में स्थित है. सुनील जाखड़ ने कहा कि आगे भी पंजाब के सुनहरे भविष्य के लिए यह फैसला हमने किया है। मुझे पूरा यकीन है कि पंजाब के लोग आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को वोट कर देश की उन्नति में अपना समर्थन देगें।

**कंगना पर आपत्तिजनक ...**

करियर के पिछले 20 वर्षों में मैंने हर तरह की महिलाओं की भूमिका निभाई है. क्वीन में एक भोली लड़की से लेकर धाकड़ में एक आकर्षक जासूस तक, मणिकर्णिका में एक देवी से लेकर चंद्रमुखी में एक राक्षसी तक, रज्जो में एक वेश्या से लेकर थलाइवी में एक क्रांतिकारी नेता तक. कंगना ने आगे कहा, सभी महिलाएं अपनी गरिमा की हकदार हैं. हमें अपनी बेटियों को पूर्वाग्रहों के बंधनों से मुक्त करना चाहिए, हमें उनके बॉडी पार्ट्स को लेकर जिज्ञासा से ऊपर उठना चाहिए और सबसे बढ़कर हमें जीवन या परिस्थितियों को चुनौती देने वाली सेक्स वर्कर्स को किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या अपमान के रूप में इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

**कंगना से माफी मांगनी चाहिए**

एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक महिला दूसरी महिला के खिलाफ ऐसी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रही है. एनसीडब्ल्यू ने इसे बहुत गंभीरता से लिया है. हमने पार्टी और नेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग को लिखा है. न केवल एक नेता बल्कि दो नेता ट्विटर पर एक ही बात कह रहे हैं और बाद में इनकार कर रहे हैं कि उन्होंने ऐसा कोई पोस्ट नहीं किया है. उन्हें कंगना से माफी मांगनी चाहिए. वे अपनी पार्टी के बड़े नेता हैं और दोनों से बेहतर आचरण की उम्मीद है. मुझे उम्मीद है कि सोनिया जी इन दोनों (एचएस अहीर और सुप्रिया श्रीनेत) के खिलाफ कार्रवाई करेंगी. कंगना का जवाब बहुत गरिमापूर्ण है और उन्होंने गरिमा के साथ अपना पक्ष रखा. एक शिकायत चुनाव आयोग को पहले ही भेजी जा चुकी है।

**क्या हाथी की....**

कि ठाकुर तथा बसपा के परंपरागत दलित समाज के वोटर भी लेकर चुनाव को बसपा की तरफ मोड़ सकते हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ठाकुर समाज को अपना परंपरागत वोटर मानती रही है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कारण प्रदेश का पूरा ठाकुर समाज बीजेपी का कट्टर समर्थक माना जाता है। भाजपा के नेताओं तथा समर्थकों का दावा है कि ठाकुर समाज किसी भी दल को वोट दे सकता है किंतु ठाकुर बसपा के हाथी पर कभी भी सवार नहीं हो सकते। ठाकुर समाज को बसपा का पुराना नारा। ''तिलक तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार'' हमेशा याद रहता है। तमाम चुनावी विश्लेषक इसी काम में लगे हुए हैं कि क्या नोएडा सीट पर ठाकुर मतदाता हाथी की सवारी करेंगे? नोएडा से लेकर ग्रेटर नोएडा, जेवर, सिकंदराबाद तथा खुर्जा तक ठाकुर समाज को लेकर यह सवाल खूब गूंज रहा है।

**आगे पता चलेगा**

अभी तो नोएडा सीट पर चुनाव बस शुरू ही हुआ है। आने वाले दिनों में यहां ढेर सारे नए-नए समीकरण बनेंगे तथा बिगड़ेंगे। ऐसे में अभी से नोएडा सीट पर कोई भविष्यवाणी करना उचित नहीं है। विश्लेषक यह बात मानकर चल रहे हैं कि इस सीट पर ठाकुर समाज का एक तरफ रुझान बहुत कुछ तय करने वाला है। नोएडा सीट पर गुर्जर समाज भी बड़ी शिद्दत के साथ यह दिखेगा कि ठाकुर किस तरफ जा रहे हैं। उसी के बाद गुर्जर समाज का रुक तय होगा। गुर्जर समाज मानकर चल रहा है कि उनके समाज से जो प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा गया है वह प्रत्याशी पूरी तरह से भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। हर रोज नोएडा सीट पर नए विश्लेषण सामने आने वाले हैं।

**लिंक पर क्लिक करना ...**

पैसे देने के बाद जब उसके पास मुनाफे की रकम नहीं आई तो उसने अपने पैसे वापस लौटाने को कहा। उक्त व्यक्ति ने कहा कि अगर उसे अपने पैसे वापस चाहिए तो उसे डॉक्यूमेंट जमा करने तथा और पैसे देने होंगे। ठगे जाने का एहसास होने पर उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**रिटायर्ड सैन्यकर्मी से ...**

इस मामले में उसके खिलाफ वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा अपराधिक प्रवृत्ति का है जिस पर पहले से ही थाना सेक्टर-39 में मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने आशंका जताई कि वह कभी भी उनकी हत्या करने के अलावा उन्हें शारीरिक नुकसान पहुंचा सकता है।

**मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में....**

वे अपनी विरासत के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर हम इस शोभा यात्रा के माध्यम से समाज के हर वर्ग के लोगों को अपने उत्साह से जोड़कर समृद्ध समाज की स्थापना का संदेश देते हैं। सनातन धर्म %वसुधैव कुटुंबकम% में विश्वास करता है।

आपको बता दें कि होली के दिन गोरखपुर में निकलने वाली नृसिंह शोभायात्रा आपसी सौहार्द की मिसाल है। इस यात्रा में श्रद्धालु जमकर होली खेलते हैं। होली गीत गूंजते हैं। काले व हरे रंग का प्रयोग नहीं होता। केवल लाल-पीले रंगों से ही होली खेली जाती है। इसका श्रेय नानाजी देशमुख को जाता है।

**डंपिंग ग्राउंड से उठ रहा....**

गौतमबुद्धनगर के चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि कूड़े और हॉर्टिकल्चर द्वारा काट कर रखे गए पेड़ों के अवशेष में लगी आग पूरी रात धधकती रही। आग पर काबू पाने के फायर ब्रिगेड के प्रयासों के बावजूद भी आग नियंत्रण में नहीं है। लगातार फायर ब्रिगेड की 35 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी है। इस आग के कारण निकल रहे जहरीले धुए और प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। जिधर हवा का रुख होता है, यह प्रदूषण उधर ही फैलने लग जाता है।

सडको पर लोगों वाहन चलाने मे परेशानी हो रही है. इसके कारण निठारी, सेक्टर 29, सेक्टर 32, सेक्टर 34 सेक्टर 35, मोरना गांव के लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। वहीं सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन तक आग से उठने वाला धुंआ पहुंच रहा है।

सेक्टर 35 में स्थित एक बड़ा अस्पताल भी इस प्रदूषण की चपेट में आ गया है। जहां मरीज को बहुत परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। चीफ फायर अफसर प्रदीप कुमार का कहना है कि इस आग पर काबू पाने में 2 से 3 दिन का समय लग सकता है। इस जगह पर जब पिछले साल मई के महीने में आग लगी। थी तो उसको काबू पाने में एक सप्ताह का समय लग गया था।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## शादी समारोह में दुल्हन ने दागी तीन गोलियां, पुलिस ने दर्ज किया मामला

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में शादी समारोह में एक दुल्हन के हर्ष फायरिंग करने का मामला सामने आया है। इस मामले में वीडियो सामने आने के बाद इस पुलिस ने दुल्हा, दुल्हन पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में दुल्हन लगातार गोलियां चलाती नजर आ रही है। दुल्हन ने एक नहीं करीब तीन गोलियां हवा में दागीं इस दौरान एक व्यक्ति उन्हें गोल चलाने के लिए उकसा रहा थ। शादी समारोह के इस वीडियो में एक गोली चलाने के बाद पिस्टल जब रुक जाती है तो समारोह में मौजूद एक अन्य युवक दुल्हन को पिस्टल पकड़ना और गोलियां चलाने के बारे में बता रहा है। जानकारी होने के बाद दुल्हन लगातार तीन गोलियां हवा में चला देती है। दुल्हन का हर्ष फायरिंग करने वाला वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर डाल दिया तो ये मामला खुला। इसके बाद आनन फानन में पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पिस्टल वाली दुल्हन की जानकारी की तो वह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की बताई गई। पुलिस लगातार दूल्हा-दुल्हन की तलाश कर रही है लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया है।

## केमिकल फैक्ट्री में आग से 5 मजदूरों की जिंदा जलने से मौत

जयपुर। राजस्थान के जयपुर के बस्सी इलाके के बैनाड़ा में शनिवार शाम को एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 5 मजदूरों की जिंदा जलने से मौत हो गयी। वहीं कुछ अन्य मजदूर घायल हो गये हैं। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके साथ ही दमकल की कई गाड़ियों को आग बुझाने के लिए मौके पर बुला लिया था। घायल मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए मौके पर एंबुलेंस को भी बुलाया गया था। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। तब तक लाखों का सामान जलकर खाक हो गया था। आग इतनी विकराल थी कि उसकी लपटें और धुआं काफी दूर तक साफ देखा जा रहा था। इसे देखकर ग्रामीण भागते हुए मौके पर पहुंचे। आग बुझाने की कोशिश करने के साथ ही उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने इस हादसे में मारे गए मजदूरों के शवों को कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी है।

## इंस्टाग्राम दोस्त से मिलने नेपाल से मुंबई आई युवती, प्रेमी ने यौन उत्पीड़न करने के बाद छोड़ा

मुंबई, । सोशल मीडिया का क्रेज युवाओं पर हावी हो गया है। इस उम्र में बच्चे पढ़ाई पर ध्यान देने की बजाय घंटों सोशल मीडिया पर समय बिता रहे हैं। इस सोशल मीडिया के जरिए एक अनोखा प्रेम प्रसंग सामने आया है। एक नाबालिग लड़की अपने इंस्टाग्राम दोस्त से मिलने के लिए नेपाल से भारत की सीमा पार कर आई। लेकिन इस युवती को, जिसका सपना था कि आभासी दुनिया का एक दोस्त उसका प्रेमी बनेगा मगर उसे एक अलग संकट का सामना करना पड़ा। युवती को क्या पता था कि जिस प्रेमी ने उसे मिलने के लिए नेपाल से बुलाया है, वह सिर्फ उसके शरीर का आनंद लेना चाहता है। उसका यौन उत्पीड़न करने के बाद उसने उसे छोड़ दिया।

### सोशल मीडिया पर पहचान और...

15 साल की एक लड़की की मुलाकात इंस्टाग्राम पर मुंबई से सटे मुंब्रा के एक लड़के से हुई। दोनों बातें करने लगे. फिर प्यार हो गया और दोनों ने एक-दूसरे के नंबर लिए। प्रेमी ने उसे झांसा दिया कि वह उससे शादी करना चाहता है. फिर 15 साल की नाबालिग लड़की अपने प्रेमी से मिलने के लिए नेपाल की सीमा पार कर सीधे मुंबई आ गई. लेकिन उसे क्या पता था कि उसका प्रेमी सिर्फ उसका आनंद लेना चाहता है। अपना उद्देश्य पूरा करने के बाद, उसने विदेशी लड़की को छोड़ दिया। तब लड़की दहशत में आ गई. वह नहीं जानती थी कि आगे क्या करना है.

### यात्रियों ने पूछताछ की और हुआ मामले का खुलासा

यौन प्रताड़ना के डर से वह मुंबई लोकल से यात्रा कर रही थी. साथी यात्रियों ने लड़की को मध्य रेलवे के दादर लोकल में सदमे की हालत में बैठा हुआ पाया. सहयात्रियों ने लड़की से गंभीरता से पूछताछ की। तभी यह चौंकाने वाली घटना का खुलासा हुआ. इसके बाद यात्रियों ने उसे दादर स्टेशन पर रेल पुलिस को सौंप दिया। पुलिस जांच में पता चला कि उसके साथ यौन उत्पीड़न हुआ है और कुछ ही घंटों में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. बहरहाल उक्त घटना कुछ जागरूक यात्रियों की वजह से सामने आई। सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण लड़के-लड़कियां घर से भाग रहे हैं। लेकिन कई लोगों को एहसास भी हो रहा है कि उनके साथ धोखा हुआ है. इसलिए माता-पिता को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

## जैश के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

श्रीनगर। श्रीनगर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियान चलाकर जैश के 4 आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। लोकल पुलिस ने जैश आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। कश्मीर जोन पुलिस इस मामले को लेकर बताया है कि श्रीनगर पुलिस आगे की जांच में जुटी है। गिरफ्तार आतंकियों के सहयोगियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। श्रीनगर पुलिस ने जैश आतंकी मॉड्यूल के सहयोगियों से तीन मैगजीन के पास से एक एके 56 राइफल, 75 राउंड गोलियां, दो मैगजीन के साथ एक ग्लॉक पिस्तौल, 9 एमएम की 26 राउंड गोलियां और छह चीनी ग्रेनेड बरामद किए हैं।पकड़े गए आतंकियों की पहचान मोहम्मद यासीन भट, शेराज अहमद राठेर, गुलाम हसन खांडेय और पंपोर के इम्तियाज अहमद भट के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आतंकी मॉड्यूल के रूप में काम कर रहे आरोपियों ने इस बात का खुलासा किया कि वे सभी आतंकी संगठन जैश से जुड़े हैं। श्रीनगर पुलिस के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने सेना की 50 आरआर, घाटी क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया टीम) और 29 बीएन सीआरपीएफ के जवानों ने एक संयुक्त अभियान चलाकर मोबाइल वाहन चेक पोस्ट केनिहामा क्षेत्र में स्थापित किया था।

## मुंबई उत्तर पश्चिम से गोविंदा लड सकते हैं चुनाव

मुंबई। कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं बालीवुड एक्टर गोविंदा महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े में शामिल हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 नजदीक है। ऐसे में अब फिल्म स्टार्स के भी चुनावी मैदान में उतरने की खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि गोविंदा को मुंबई उत्तर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना-यूबीटी के अमोल कीर्तिकर के खिलाफ मैदान में उतारा जाएगा, जो शिंदे खेमे के मौजूदा सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे हैं। शिंदे की मौजूदगी में जल्द ही गोविंदा की एंट्री होने की उम्मीद है। हालांकि शिंदे गुट के प्रवक्ता ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट मौजूदा सांसद गजानन की उम्र को देखते हुए गोविंदा को उम्मीदवार बनाना चाह रहा है। गोविंदा ने साल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर उत्तरी मुंबई से लोकसभा चुनाव लड़ा था और भाजपा के दिग्गज नेता राम नाइक को मात दी थी। फिर 2009 में उन्होंने राजनीति को वक्त की बर्बादी बताते हुए दूरी बना ली थी लेकिन अब वह फिर से किस्मत आजमा चाहते हैं। हाल ही गोविंदा ने मुख्यमंत्री शिंदे से मुलाकात की थी।

## राजनीति की दुनिया में कदम रखने वाली है स्वरा, कांग्रेस मुंबई से दे सकती है लोकसभा का टिकट

मुंबई। खबरें आ रही हैं कि एक्टिंग के बाद एक्ट्रेस स्वरा भास्कर राजनीति की दुनिया में कदम रखने वाली है। वह लोकसभा चुनाव लड़ने वाली हैं। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि कांग्रेस मुंबई से स्वरा भास्कर को लोकसभा का टिकट दे सकती है। हालांकि अभी तक कांग्रेस और स्वरा भास्कर की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि कांग्रेस स्वरा भास्कर को मुंबई की उत्तर-मध्य सीट से लोकसभा का टिकट दे सकती है। इस सीट पर बीजेपी की पूनम महाजन सांसद हैं। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि स्वरा भास्कर कांग्रेस के बड़े नेताओं के संपर्क में हैं। कांग्रेस भी स्वरा भास्कर के नाम पर विचार कर सकती है।

# राजस्थान में अशोक गहलोत का दांव-इस तरह लगाएंगे भाजपा के मिशन 25 में सेंध



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में इस बार कांग्रेस ने अभी तक घोषित उम्मीदवारों में जालौर-सिरोही को छोड़कर नए लोगों को टिकट दिया है। केवल वैभव गहलोत को रिपीट किया है। सियासी जानकारों का कहना है कि इस बार श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़, अलवर, नागौर, सीकर, टोंक-सवाई माधोपुर और उदयपुर सीट पर इंडिया गठबंधन बीजेपी पर भारी पड़ता हुआ दिखाई दे रहे है। जैसलमेर-बाड़मेर से मोदी के मंत्री कैलाश चौधरी की राह भी आसान नहीं है। इन सीटों पर बीजेपी सांसदों से लोग नाराज बताए जा रहे है। हालांकि, बीजेपी की दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद ही स्थितियां साफ हो पाएंगी। बीजेपी ने राजस्थान के लिए 15 उम्मीदवारों की घोषणा की है। जबकि 10 सीटों पर उम्मीदवार घोषित करना है। माना जा रहा है कि बचे हुए उम्मीदवारों की आज सूची जारी हो सकती है।

राज्य के पूर्व सीएम अशोक गहलोत की चतुराई से इस बार बीजेपी के मिशन 25 में सेंध लग सकती है। दरअसल, कांग्रेस ने इस बार अपने प्रभाव वाली नागौर और सीकर लोकसभा सीट इंडिया एलायंस के लिए छोड़ दी है। हनुमान बेनीवाल की आरएलपी के लिए नागौर से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। बता दें सीकर और नागौर दोनों ही कांग्रेस के गढ़ है। जाट बाहुल्य सीट पर कांग्रेस ने इस बार बीजेपी को घेर दिया है। सियासी जानकारों का कहना है कि इसका फायदा कांग्रेस को जयपुर ग्रामीण, चूरू, श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ और जैसलमेर-बाड़मेर में मिल सकता है। क्योंकि इन जिलों में हनुमान बेनीवाल की पार्टी का प्रभाव माना जाता है।

जानकारों का कहना है कि आरएलपी और वामदलों के 50 हजार से लेकर एक लाख वोट भी कांग्रेस प्रत्याशियों को मिल जाते हैं तो बीजेपी के मिशन 25 में सेंध लगना तय माना जा रहा है। चर्चा यह भी है कि डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट भारतीय आदिवासी पार्टी यानी बाप के लिए छोड़ सकती है। यहां से हाल ही में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए महेंद्र जीत सिंह मालवीय को बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया है। सियासी जानकारों का कहना है कि इस बार राजस्थान में बीजेपी की हैट्रिक लगना मुश्किल है।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि हनुमान बेनीवाल से गठबंधन करने में अशोक गहलोत की बड़ी भूमिका बताई जा रही है। बता दें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी आरएलपी को गहलोल की प्रायोजित पार्टी बताते रहे है। विधानसभा चुनाव के दौरान भी हरीश चौधरी ने अपने आरोप दोहराए थे। सियासी जानकारों का कहना है कि हनुमान बेनीवाल से गठबंधन करके कांग्रेस ने बीजेपी के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। जाट बाहुल्य इलाकों में बेनीवाल का खासा असर माना जाता है। गठबंधन करने से मतों बंटवारों रूकेगा और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों का फायदा मिल सकता है। बता दें 2019 के लोकसभा चुनाव में हनुमान बेनीवाल खुद नागौर से सांसद बने थे। हालांकि, उस दौरान बेनीवाल का बीजेपी से गठबंधन था। लेकिन किसान आंदोलन के चलते बेनीवाल बीजेपी से अलग हो गए थे।

## दुनिया छोड़ दूंगा पर पूर्णिया नहीं छोड़ूंगा : पप्पू यादव

पूर्णिया। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पप्पु यादव ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव चाहते थे कि मैं राजद में शामिल हो जाऊं। पर मैने कांग्रेस को चुना है। इसके लिए मर जाएंगे कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे, दुनिया छोड़ देंगे, पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे। मतलब साफ है कि किसी भी सूरत में पप्पू यादव पूर्णिया से ही चुनाव लड़ेंगे। पप्पू यादव को ये मसला इसलिए उठाना पड़ा कि हाल ही में जेडीयू विधायक बीमा भारती हाल ही में आरजेडी में शामिल हुई है। इसके बाद पूर्णिया सीट को लेकर घमासान मच गया। इस सीट से कांग्रेस नेता पप्पू यादव पहले से ही दावा कर रहे हैं। वहीं, इस राजनीतिक उलटफेर पर पप्पू यादव ने रविवार को कहा कि मैं एक परिवार के विश्वास, आशीर्वाद और एक पार्टी की विचारधारा से जुड़ गया हूं। ये सारी जिम्मेदारियां अब उस पार्टी के नेतृत्व की है। मैं कोसी में काम कर रहा हूं। पिछले 2 वर्षों से सीमांचल और 5 वर्षों से पूरे बिहार में काम कर रहा हूं। लालू यादव चाहते थे कि मैं मधेपुरा से चुनाव लड़ूं लेकिन मैंने इसे ठुकरा दिया। मैंने उनसे कहा कि मैं पूर्णिया नहीं छोड़ सकता।पप्पू यादव ने कहा कि लालू यादव चाहते थे कि मैं आरजेडी में शामिल हो जाऊं, लेकिन राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने मुझ पर भरोसा किया है। भरोसा मेरे लिए काफी था। मैं कांग्रेस में शामिल हो गया। इस पर ट्वीट भी किया है कि मर जाएंगे कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे, दुनिया छोड़ देंगे, पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे इसलिए, नेतृत्व मुझे जो भी जिम्मेदारी देगा, मैं उसे निभाऊंगा। मेरे लिए विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है, पद नहीं अगर मुझे चुनाव लड़ना हुआ तो मैं पूर्णिया से चुनाव लड़ूंगा और कहीं से नहीं।



# पति जेल में बंद इनकी पत्नियां कल्पना, सुनीता व श्रीकला लड़ सकती हैं लोकसभा चुनाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद उनकी पत्नियों का सियासी जंग में आना नई बात नहीं है। इस बार लोकसभा चुनाव में कई ऐसे राजनेताओं की पत्नियां हैं जो अपने पति की सियासी विरासत को बचाने के लिए चुनाव मैदान में आने की तैयारी कर रही हैं। इनमें हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता और धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला हैं। तीनों के पति अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार हुए हैं और लोकसभा चुनाव तक इनके बाहर आने की संभावनाएं बहुत ही कम है। ऐसे में माना जा रहा है कि यह तीनों ही अपने पति के सियासी मैदान को बचाने के लिए फ्रंटफुट से खेल सकती हैं। दिलचस्प बात है कि जेल में बंद ये तीनों ही नेता सत्ताधारी बीजेपी के विरोधी खेमे के हैं।

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जमीन घोटाले के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्त में हैं। न्यायिक हिरासत के तहत उन्हें रांची जेल में रखा गया है। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन राजनीति में सक्रिय हो गई हैं। मुंबई में हाल ही में इंडिया गठबंधन की रैली हुई थी जिसे कल्पना सोरेन ने संबोधित किया था। जमीन पर भी कल्पना काफी सक्रिय हैं और संथाल परगना में घूम-घूम कर लोगों से जनसमर्थन जुटा रही हैं। जेएमएम सूत्रों के मुताबिक कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ाने की भी तैयारी पार्टी के भीतर हो रही है। कल्पना गांडेय सीट से उपचुनाव लड़ सकती हैं। यह सीट हेमंत सोरेन ने जेल जाने से पहले खाली करवा दी थी। कल्पना को आगे लाने के पीछे का मुख्य मकसद संथाल परगना में जेएमएम वोटरों को इमोशनली साधना है। कल्पना के भाषण की स्क्रिप्ट भी हेमंत के जेल जाने के इर्द-गिर्द ही रहती है। कल्पना और हेमंत सोरेन की शादी साल 2006 में हुई थी। वे मूल रूप से ओडिशा के मयूरभंजन जिले की रहने वाली हैं। सक्रिय राजनीति में आने से पहले कल्पना एक प्ले स्कूल चलाती थीं।

उत्तर प्रदेश के जौनपुर से पूर्व सांसद धनंजय सिंह अभी जेल में बंद हैं। चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले ही उन्हें अपहरण के एक मामले में दोषी पाया गया था। उन्हें 7 साल की सजा मिली है। धनंजय इस बार भी जौनपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। हालांकि जेल जाने और सजा मिलने की वजह से उनके अरमानों पर पानी फिर गया है। जौनपुर से अब उनकी पत्नी श्रीकला रेड्डी के चुनाव लड़ने की चर्चा है। श्रीकला अभी जौनपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। धनंजय और श्रीकला की शादी साल 2017 में हुई थी। श्रीकला को लेकर जौनपुर से लखनऊ तक 2 तरह की चर्चा है। धनंजय सिंह के सिंपैथी वोट को हासिल करने के लिए श्रीकला रेड्डी को समाजवादी पार्टी टिकट दे सकती है। सपा और बीएसपी से टिकट नहीं मिलने पर श्रीकला रेड्डी निर्दलीय लोकसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। जौनपुर ठाकुर बाहुल्य सीट है जहां पर 2009 में धनंजय सिंह ने जीत हासिल की थी। 2014 चुनाव में धनंजय को जौनपुर सीट से 65 हजार वोट मिले थे। 2022 में धनंजय जौनपुर के मल्हनी सीट से उम्मीदवार थे जहां उन्हें करीब 80 हजार वोट मिले थे।

दिल्ली शराब घोटाले में ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद अरविंद को कोर्ट ने 6 दिनों के लिए कस्टडी में भेजा है। चुनाव के बीच केजरीवाल की गिरफ्तारी ने आम आदमी पार्टी को सकते में ला दिया है। केजरीवाल अगर लंबे वक्त तक ईडी की गिरफ्त में रहते हैं तो उनकी पत्नी पार्टी के लिए कैंपेन कर सकती हैं। केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर पिछली बार भी सुनीता ने कैंपेन किया था। इतना ही नहीं अरविंद को जब ईडी की टीम ने गिरफ्तार किया तो सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सुनीता ने केंद्र को निशाने पर लिया था। इसके अलावा सुनीता ने जेल में बंद अरविंद केजरीवाल का संदेश भी देशवासियों के लिए पढ़ा था। सुनीता और अरविंद की शादी साल 1994 में हुई थी। सुनीता भी आईआरएस अधिकारी रही हैं। हालांकि अब वो वीआरएस लेकर परिवार संभाल रही हैं।

## पूर्व वायुसेना प्रमुख भदौरिया भाजपा में शामिल हुए, गाजियाबाद से मिल सकता है टिकट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों के ठीक पहले पूर्व वायुसेना प्रमुख प्रमख राकेश कुमार सिंह भदौरिया भी राजनीति में उतर गये हैं। भदौरिया भाजपा में शामिल हो गये हैं। भाजपा महामंत्री विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में उन्होंने सदस्यता ली। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के अभियान में भदौरिया की बड़ी भूमिका रही है। वहीं भदौरिया ने कहा कि वह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करेंगे।

उन्हें गाजियाबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। अभी यहां से पूर्व सेनाध्यक्ष वीके सिंह सांसद हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर भदौरिया के भाजपा की सदस्यता देने की पुष्टि की है। भदौरिया के अलावा पूर्व सांसद तिरुपति श्री वाराप्रसाद राव भी भाजपा में शामिल हो गये हैं।

भदौरिया उत्तर प्रदेश के ही रहने वाले हैं। देश में राफेल लाने में उनकी अहम अहम भूमिका रही है। वह सितंबर 2019 से सितंबर 2021 तक वह वायुसेना प्रमुख के पद पर रहे। इसी के साथ ही भाजपा ने अब तक लोकसभा चुनावों के लिए 291 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। शीघ्र ही उसकी पांचवीं लिस्ट भी जारी होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में अब तक 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। वहीं शेष सीटों पर उम्मीदवारों की घोष्णा अभी होनी है। इस सूची में गाजियाबाद और पीलीभीत की सीट भी शामिल है।

## चंदन तस्कर वीरप्पन की बेटी लड़ेगी लोकसभा चुनाव

**-पिता के आतंक को लेकर बन चुकी हैं कई फिल्में**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में दावेदारी करने वालों का अपना ही अलग महत्व है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां किसे अपना उम्मीदवार बनाती हैं, इस पर सभी की नजरें टिकी होती हैं। ऐसे में एक नाम जो सुर्खियां बटोर रहा है वो है कुख्यात चंदन तस्कर और डाकू रहे वीरप्पन का। असल में वीरप्पन की बेटी विद्या रानी ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर सभी को चौंका दिया है।

गौरतलब है कि वीरप्पन की बेटी विद्या रानी ने शनिवार को ऐलान करते हुए कहा कि वह तमिलनाडु के कृष्णागिरि निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। यह घोषणा तब उन्होंने की है जबकि कुछ दिन पहले ही वो भाजपा से इस्तीफा दे कर खुद को आजाद घोषित कर दिया था। इसी बीच विद्या रानी ने बयान जारी करते हुए कहा था कि वो तमिलर काची के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। इस अवसर पर उन्होंने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि पिता लोगों की सेवा जरुर करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इसके लिए जो रास्ता चुना वह उचित नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि वो आमलोगों की सेवा करने के लिए ही राजनीति में आई हैं। यहां बतलाते चलें कि विद्या रानी एक्टिविस्ट होने के साथ ही पेशे से वकील हैं। वो आदिवासियों और दलितों के लिए काम करती चली आ रही हैं।

गौरतलब है कि उनके पिता कुख्यात डाकू वीरप्पन को 2004 में तमिलनाडु पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। जंगल में एकछत्र राज करने वाले वीरप्पन को लेकर फिल्मी दुनियां ने करीब 6 फिल्में बनाई हैं। यहां वीरप्पन की बेटी ने भाजपा ज्वाइन कर राजनीति में कदम रखा तो भाजपा ने उन्हें यूथ ब्रिगेड का उपाध्यक्ष बना दिया था। इसके बाद हाल ही में अभिनेता-निर्देशक सीमान के नेतृत्व वाले एनटीके में शामिल होने के लिए उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया था और अब उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर सभी को अचंभे में डाल दिया है।

# रिश्वत में आए 100 करोड़ का इस्तेमाल गोवा चुनाव में प्रचार के लिए हुआ

**-ईडी ने कहा-अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब नीति घोटाले के साजिशकर्ता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में है। वहीं ईडी का आरोप है कि केजरीवाल सीधे तौर पर शराब नीति में शामिल थे। शराब नीति को इस तरह बनाया गया जिससे रिश्वत लेने का रास्ता खुल गया। ईडी ने केजरीवाल को कथित दिल्ली शराब घोटाला मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया है। हालांकि इस पर केजरीवाल ने कहा कि उन्हें इस मामले से जोड़ने का ईडी के पास कोई सीधा सबूत नहीं है।

अरविंद केजरीवाल की ओर से दलील देते सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी का कोई आधार नहीं है क्योंकि 80 फीसदी लोगों ने अपने बयानों में दिल्ली के सीएम का नाम नहीं लिया है। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने 17 नवंबर 2021 को एक्साइज पॉलिसी 2021-22 को लागू किया था। इस नई पॉलिसी के तहत दिल्ली का शराब कारोबार निजी कपंनियों को दे दिया गया था। केजरीवाल सरकार का दावा था कि नई पॉलिसी से माफिया राज खत्म होगा और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। नई शराब नीति को मंजूरी मिलने के बाद दिल्ली में शराब की सरकारी दुकानों को बंद कर दिया गया था। दिल्ली को 32 जोन में बांट दिया गया था। हर जोन में 27 शराब की दुकानें थीं। हर वार्ड में 2 से 3 वेंडर को शराब बेचने की अनुमति थी। हालांकि ये नीति शुरुआत से ही विवादों में रही और आठ महीने बाद 28 जुलाई 2022 को दिल्ली सरकार ने नई नीति रद्द कर दी।

ईडी की ओर से पेश होने वाले एडीशनल सॉलिसिटर जनरल एएसवी राजू ने अदालत में कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब नीति घोटाले के किंगपिन हैं और वह पूरे समय तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया के संपर्क में थे। रिश्वत में आए 100 करोड़ का इस्तेमाल गोवा चुनाव में प्रचार के लिए किया गया था। इस बात की पुष्टि गोवा में आम आदमी पार्टी के एक उम्मीदवारों ने की है जिसे चुनाव खर्च के लिए नकद राशि दी गई थी।

एजेंसी ने आगे दावा किया कि आरोपों की पुष्टि न केवल गवाहों के बयानों से होती है, बल्कि कॉल डेटा भी इसकी पुष्टि करते हैं। आरोप लगाया कि केजरीवाल ने साउथ ग्रुप को फायदा पहुंचाने के बदले में उनसे रिश्वत की मांग थी। ईडी ने केजरीवाल को मुख्य आरोपी बताया है। आम आदमी पार्टी एक कंपनी है, लेकिन इसका व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है। इसलिए कंपनी के कामकाज में शामिल व्यक्ति को जिम्मेदार बताया गया है। कथित घोटाले के समय केजरीवाल आम आदमी पार्टी के मुख्य चीफ थे। इसलिए केजरीवाल के खिलाफ पीएमएलए की धारा 4 और पीएमएलए की धारा 70 के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है।

## बसपा से गठबंधन की जुगत लगा रहा अपना दल कमेरावादी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक नया गठबंधन की आहट सुनाई दे रही है। इंडिया गठबंधन में एक भी सीट नहीं मिलने से नाराज अपना दल कमेरावादी अब बसपा से गठबंधन की जुगत लगा रहा है। दोनो ही दलों में इसको लेकर अंतिम दौर की बात चल रही है। इसके लिए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने लोकसभा की तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम छपाने की शर्त पर बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए बसपा से बातचीत चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो बसपा के साथ मिलाकर चुनाव लड़ा जाएगा। बता दें कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के घटक अपना दल (कमेरावादी) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी को गठबंधन के तहत एक भी सीट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की थी। तब पार्टी ने कहा था कि बिहार में जो नीतीश कुमार के साथ हुआ, वही उत्तर प्रदेश में उसके साथ किया जा रहा है। विधायक पल्लवी पटेल ने विपक्षी गठबंधन के तहत आगामी लोकसभा चुनाव के लिये उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी को एक भी सीट नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की थी। इस बाद अखिलेश यादव ने गठबंधन तोड़ने का एलान कर दिया था।दरअसल, अपना दल (कमेरावादी) ने मिर्जापुर, फूलपुर और कौशांबी से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था।

## प्रधानमंत्री का भ्रष्टाचार का आरोप खोखला, जयराम रमेश ने कहा- 'इंडिया' गठबंधन एकजुट, 272 का आंकड़ा करेंगे पार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ''पलटी मारने'' और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के अकेले लड़ने के बावजूद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकजुट है और यह (बहुमत का) 272 का आंकड़ा पार करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विपक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के विमर्श को ''खोखला'' करार देते हुए खारिज किया। रमेश ने ''पीटीआई मुख्यालय'' में समाचार एजेंसी के संपादकों एवं पत्रकारों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट होकर चुनाव में 272 का आंकड़ा पार करेगा और भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा। उन्होंने चुनावी बॉण्ड, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सहित कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा के क्रमशः अमेठी और रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी अपने विचार साझा किए। बुनियादी ढांचा संबंधी ठेके मिलने के बाद एक भाजपा सांसद द्वारा चुनावी बॉण्ड खरीदे जाने का दावा करते हुए रमेश ने कहा, ''चुनावी बॉण्ड योजना के काम करने के तरीके को देखें। 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर चार लाख करोड़ रुपये के ठेकों से जुड़े हुए हैं। चुनावी बॉण्ड और ठेके देने के बीच एक स्पष्ट संबंध है।'' उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि भाजपा के पक्ष में कई कंपनियों द्वारा खरीदे गए 4,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड सीधे तौर पर ठेके देने और उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा शुरू की गई कार्रवाई से जुड़े हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह कहना कि मोदी भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाएंगे और यह दिखाने के लिए कि वह भ्रष्टाचार से लड़ रहे हैं, उदाहरण देने के लिए हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के मामले का इस्तेमाल करेंगे तो ये बिल्कुल खोखला तर्क है। चुनावी बॉण्ड की कहानी को देखें, यह पूरी तरह से बदले की भावना का मामला है।'' उन्होंने दावा किया, ''जहां तक प्रधानमंत्री मोदी का सवाल है, यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि भ्रष्टाचार एक खोखला मुद्दा है।



आईपीएल 2024

# आज नए कप्तान गिल और गायकवाड की होगी परीक्षा



**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दो नए कप्तानों शुभमन गिल और ऋतुराज गायकवाड के नेतृत्व कौशल की परीक्षा होगी। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों को अपनी कलात्मक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है लेकिन यहां उनके रणनीतिक कौशल पर भी सभी का ध्यान टिका रहेगा। दोनों टीमें अपना पहला मैच जीत कर एक दूसरे का सामना करेंगी और उनका लक्ष्य जीत की लय बरकरार रखना होगा। दिग्गज महेंद्रसिंह धोनी ने आईपीएल से ठीक पहले गायकवाड को कप्तानी सौंप दी थी, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ अपने नेतृत्व कौशल का अच्छा परिचय दिया था। हार्दिक पंड्या के मुंबई इंडियंस से जुड़ने के बाद कप्तानी संभालने वाले गिल ने भी अपने पूर्व कप्तान के सामने इस नई भूमिका में अच्छा प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। गिल अभी 24 वर्ष के हैं और आईपीएल में सबसे कम उम्र के कप्तान हैं। रणनीतिक कौशल में माहिर मुख्य कोच आशीष नेहरा तथा अनुभवी डेविड मिलर और केन विलियमसन की मौजूदगी से उनका काम आसान हो जाता है। दूसरी तरफ गायकवाड को करिश्माई धोनी का साथ मिलता है। गायकवाड की अगुवाई में चेन्नई में पहले मैच में आरसीबी को 6 विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। चेन्नई के पिछले मैच में तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने काफी रन लुटाए थे। उन्हें टीम में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि शार्दुल ठाकुर और मुकेश कुमार अंतिम एकादश में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं। चेन्नई के लिए अच्छी बात यह रही कि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने अच्छा प्रदर्शन किया। चेन्नई का अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने की संभावना नहीं है।

दूसरी तरफ टाइटंस को अगर मैच जीतना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे। उसके गेंदबाजों ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया जिससे टीम मैच जीतने में सफल रही।

### ▶▶ कैसा होगा चेन्नई की पिच का मिजाज?

- चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) की पिच काफी स्लो रहती है। यहां गेंद फंस कर आती है। स्पिनर्स का चेन्नई में दबदबा देखने को मिलता है। वहीं तेज गेंदबाजों के लिए भी मदद रहती है। हालांकि बल्लेबाजों को इस पिच पर रन बनाने के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन अगर एकबार बल्लेबाज सेट हो जाए तो वह रनों का अंबार भी लगा सकता है। बता दें कि एमए चिदंबरम स्टेडियम में अब तक आईपीएल के 77 मैचों का आयोजन हुआ है, जिसमें से 46 पहले बल्लेबाजी तो 31 दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने मैच जीते हैं। ऐसे में जो भी कप्तान टॉस जीतेगा वह पहले बल्लेबाजी करने को देख सकता है। पहली पारी का औसत स्कोर चेन्नई में 163 तो दूसरी पारी का 150 है।

### टीम इस प्रकार है

**चेन्नई सुपर किंग्स :** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), मोइन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरकर, रवींद्र जडेजा, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश थीक्षाना, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिशेल, समीर रिज़वी, मुस्तफिजुर रहमान, और अरवेल्ली अवनीश राव (विकेटकीपर)।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल , मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर शुरू होगा।

# बांग्लादेश-श्रीलंका टेस्ट से WTC अंक तालिका में बड़ा बदलाव

## बड़ी टीम सबसे नीचे



**नई दिल्ली।** श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला समाप्त होने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। श्रीलंकाई टीम ने पहले टेस्ट में जीत दर्ज की है और तालिका में भी फायदा हुआ है। अंक तालिका में टॉप स्थानों पर मौजूद टीमों को कोई नुकसान नहीं उठाना पड़ा है। भारतीय टीम का स्थान अभी भी टॉप है। उसी तरह ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के ऊपर भी खास असर नहीं पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया की टीम नम्बर दो और न्यूजीलैंड की टीम नम्बर तीन पर है। नम्बर चार पर पाकिस्तान और पांचवें स्थान पर वेस्टइंडीज टीम है। इसके बाद की टीमों की तालिका में बदलाव देखने को मिला है। श्रीलंकाई टीम में एक लम्बी छलांग लगाते अंतिम से छठा पायदान हासिल कर लिया। इस वजह से इंग्लैंड जैसी बड़ी टीम को तगड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। तालिका में अब इंग्लैंड की टीम सबसे निचले पायदान पर चली गई है जो इस टीम के लिए एक खराब संकेत है। इंग्लैंड ने वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के इस चक्र में अब तक कुल 10 मुकाबले खेले हैं और 3 बार जीत दर्ज के है। हाल ही में भारत दौरे पर इंग्लैंड को 4-1 के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित शर्मा ने लिया होली खेलने का आनन्द, मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों पर पानी से की बौछार बांग्लादेश की टीम श्रीलंका से ठीक नीचे सातवें स्थान पर बनी हुई है। दक्षिण अफ्रीकी टीम आठवें स्थान पर मौजूद है। बांग्लादेश दौरे पर पहले टेस्ट मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने 328 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में एक बड़ा बदलाव कर दिया और इंग्लैंड को मुश्किल हुई। सिलहट में खेले गए टेस्ट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 280 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद जवाबी पारी में खेलते हुए बांग्लादेश की टीम 188 रन बनाकर आउट हो गई। दूसरी पारी में खेलते हुए श्रीलंकाई टीम ने 418 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 182 रन बनाकर मैच हार गई।



# फुटबॉलर फ्लोरियन ने बनाया रिकॉर्ड

## जर्मनी के लिए सबसे कम समय में गोल दागने वाले खिलाड़ी बने

**ल्योन।** जर्मनी ने दोस्ताना मुकाबले में फ्रांस को 2-0 से पराजित कर दिया। इस मैच में जर्मनी के लिए फ्लोरियन विट्र्ज ने सातवें सेकेंड में ही गोल कर दिया। यह जर्मनी के लिए अब तक का सबसे तेज गोल है। जर्मनी के लिए दूसरा गोल 49वें मिनट में काई हेवट्रज ने किया। इससे पहले जर्मनी के लिए सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड नौ सेकेंड में था। यह गोल ल्यूकास पोदोल्स्की ने 2013 में इक्वाडोर के खिलाफ किया था, लेकिन फ्लोरियन विट्र्ज ने 11 साल बाद इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया। फ्रांस के खिलाफ जीत ने जर्मनी के मैनेजर जूलियन नागेल्समैन की योजनाओं को बल प्रदान किया है। 2024 की यूरोपियन चैंपियनशिप की मेजबानी जर्मनी करने जा रहा है।

### ▶▶ क्रूज के पास पर किया गोल

यूरोपियन चैंपियनशिप के लिए अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापस आने वाले टोनी क्रूज ने अपनी वापसी को सार्थक करके दिखाया। यह उन्हीं का पास था, जिस पर विट्र्ज ने सातवें सेकंड में गोल किया। क्रूज ने बाद में कहा भी कि उन्होंने अभ्यास सत्र में इस तरह के मूव की तैयारी भी की थी। जर्मन सॉकर फेडरेशन ने भी इस बात की घोषणा कर दी है कि यह जर्मनी का सबसे तेज गोल है। यह जर्मनी की फ्रांस पर लगातार दूसरी जीत है, लेकिन पिछले 11 मैचों में यह उसकी तीसरी जीत है।

### 17 वर्षीय एंड्रिक वेंबले में सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले फुटबॉलर

वेंबले स्टेडियम में खेले गए एक अन्य दोस्ताना मुकाबले में ब्राजील ने इंग्लैंड को 1-0 से पराजित कर दिया। ब्राजील के लिए यह गोल इस सत्र के अंत में रियल मैड्रिड से जुड़ने जा रहे 17 वर्षीय एंड्रिक ने किया। वह वेंबले में सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले फुटबालर बन गए। उन्होंने यह गोल 80वें मिनट में 17 वर्ष 246 दिन की उम्र में किया। एंड्रिक 18 वर्ष के होने पर रियल से जुड़ेंगे। एंड्रिक को 71वें मिनट में रोड्रिगो की जगह उतारा गया था। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल भी है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया

# बॉर्डर-गावस्कर सीरीज को लेकर बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब चार की बजाय पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को यह घोषणा की। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि इन दोनों देशों के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेली जाएगी। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया के 2024-25 के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगी, इसका कार्यक्रम आने वाले दिनों में जारी किया जाएगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच 1991-92 के बाद पहली बार इन गर्मियों में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेली जाएगी। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली यह सीरीज 2024-25 के घरेलू कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगी।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की प्रेस रिलीज में कहा, 'बीसीसीआई टेस्ट क्रिकेट की समृद्ध विरासत को संरक्षित रखने के अपने समर्पण के प्रति दृढ़ है। यह एक ऐसा फॉर्मेट है, जिसका हम सबसे अधिक सम्मान करते हैं।'

▶▶ अब चार की जगह खेले जाएंगे पांच टेस्ट मैच

▶▶ बॉर्डर-गावस्कर सीरीज को लेकर बड़ा ऐलान



### पर्थ में खेला जा सकता पहला टेस्ट मैच

BCCI सचिव जय शाह ने कहा, 'बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को पांच टेस्ट मैच तक बढ़ाने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारा सहयोग टेस्ट क्रिकेट के महत्व को बढ़ावा देने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने कहा,'हमारे दोनों देशों के बीच कड़ी प्रतिद्वंद्विता को देखते हुए हमें बेहद खुशी है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अब पांच टेस्ट मैचों का कर दिया गया है।'

आईपीएल के बाकी मैचों का शेड्यूल आया

# 19 मई को आखिरी लीग मैच और 26 को फाइनल

**नई दिल्ली।** देश में होने वाले लोक सभा चुनाव की वजह से आईपीएल 2024 के 21 मैचों का शेड्यूल ही घोषित हुआ था। हालांकि, अब आईपीएल के बाकी बचे मैचों के शेड्यूल का एलान भी कर दिया गया है। 16वें सीजन का आखिरी लीग मैच 19 मई को खेला जाएगा। वहीं लीग का फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के दूसरे फेज़ के शेड्यूल का एलान कर दिया है। इससे पहले बोर्ड ने सिर्फ 7 अप्रैल तक के मैचों का शेड्यूल घोषित किया था। अब आगे के मैचों को शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। आईपीएल 2024 में शामिल सभी 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स हैं, वहीं ग्रुप बी में चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस हैं। दोनों ग्रुप की सभी टीमों के बीच एक-एक मुकाबला खेला जा चुका है।

### 26 मई को खेला जाएगा आईपीएल 2024 का फाइनल

क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, आईपीएल 2024 के सभी मैच देश में ही खेले जाएंगे। लीग का फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई में खेला जाएगा। क्वालीफायर मैच अहमदाबाद और चेन्नई में खेले जाएंगे। इस सीजन के सभी 74 मैच भारत में निर्धारित किए गए हैं। आईपीएल 2024 का क्वालीफायर 1 और एलिमिनेटर मुकाबला 21 और 22 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं क्वालीफायर 2 और फाइनल मुकाबला 24 और 26 मई को चेन्नई के चेपॉक में खेला जाएगा।

### लोक सभा चुनावों की तारीखों का हो चुका है एलान

बता दें कि 16 मार्च (शनिवार) को चुनाव आयोग ने लोक सभा चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया था। लोकसभा की 543 सीटों के लिए सात चरण में 19 अप्रैल से 1 जून तक वोटिंग होगी। 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक फेज में वोट डाले जाएंगे।

# हार्दिक पंड्या की फैंस ने की बेइज्जती, मुंह पर कहा 'छपरी'



**अहमदाबाद।** जब से भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी और स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान बने हैं, तब से उनको काफी नफरत का सामना करना पड़ा है। फैंस उनसे बिल्कुल खुश नहीं है। एमआई की कप्तानी से रोहित को रिप्लेस करने के बाद मानों जैसे पंड्या की जिंदगी में खलबली मच गई हो। गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 का अपना पहला मैच बीते रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला। हार्दिक पंड्या पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के घर में कर रहे थे। दोनों फ्रेंचाइजियों के फैंस उनसे नाराज थे। ऐसे में पंड्या को हूटिंग का सामना करना पड़ा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के स्टैंड्स से एक वीडियो वायरल हो रहा है। उस वीडियो में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या जब वापसी डगआउट या ड्रेसिंग रूम की तरफ जा रहे थे तो फैंस ने सारी हदें पार कर दी। जब हार्दिक पंड्या स्टैंड्स के पास से गुजर रहे थे। तो फैंस ने उनको देखकर छपरी-छपरी के नारे लगाना शुरू कर दिया। हालांकि पंड्या ने इस पर कोई रिएक्शन नहीं दिया।

# रेप केस में फंसा 'भारतीय' क्रिकेटर, ऑस्ट्रेलियाई महिला ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलिया में होने वाले बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते हैं। निखिल पर ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में ऑस्ट्रेलियाई महिला संग दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने खुद को निर्दोष बताया है। निखिल ने अपनी कार में इस घटना को अंजाम दिया। भारत के निखिल चौधरी ने टाउन्सविले के एक नाइटकल्ब में महिला से मिलने के बाद अपनी कार में कथित तौर पर उसके साथ अपराध किया। मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई, जिसमें क्रिकेटर ने खुद को निर्दोष बताया। निखिल ने भारत में पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेला। लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया चले गए और वहां उन्होंने क्रिकेट के साथ-साथ पोस्टमैन के रूप में काम किया। निखिल 2020 में ऑस्ट्रेलिया गए थे, लेकिन कोविड के चलते वह वहीं रह गए। निखिल ने ब्रिस्बेन में उत्तरी उपनगर जिला क्रिकेट क्लब के लिए खेलना शुरू कर दिया और उन्हें होबार्ट हरिकेंस ने 2023 के आखिर में चुन लिया।



# ईशान किशन से मिले BCCI सचिव जय शाह

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस की टीम को हार का सामना करना पड़ा। पिछले 12 सालों से लगातार मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल में अपना पहला मुकाबला जीतने में नाकाम रही है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम इस मैच को जीतने की बेहद करीब थी। लेकिन आखिरी के चंद ओवरों में गुजरात ने दमदार वापसी करते हुए मुंबई इंडियंस से मैच छीन लिया। हार के बाद बोले पंड्या हालांकि मुंबई और गुजरात दोनों के लिए ही आईपीएल 2024 का यह पहला मुकाबला ही था। आईपीएल 2024 में दोनों ही टीमों को आने वाले दिनों में और भी कई मुकाबले खेलने को मिलेंगे। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने हार के बाद कहा कि वह इस हार से ज्यादा निराश नहीं हैं। उन्हें पता है कि यह टूर्नामेंट काफी लंबा है और आने वाले मुकाबले में वह इसकी भरपाई कर सकते हैं। ईशान से मिले जय शाह दूसरी तरफ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस मैच के बाद मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन से मुलाकात की। ईशान किशन और जय शाह के बीच कुछ देर बातचीत भी हुई। इस दौरान जय शाह मुस्कुराते हुए ईशान किशन के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें कुछ समझाने का काम कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस अय्यर को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया था।



# तिलक वर्मा ने क्यों टिम डेविड को सिंगल देने से किया इंकार?

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 में अपना पहला मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ 24 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला था, जहां उन्हें 6 रनों से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने शायद एक ऐसी गलती कर दी, जिससे उन्हें मैच गंवाना पड़ गया? दरअसल मुंबई के तिलक वर्मा ने राशिद खान के खिलाफ टिम डेविड को सिंगल देने से इंकार कर दिया था। पारी के 17वें ओवर में तिलक ने टिम डेविड को सिंगल देने से मना दिया था। यह ओवर राशिद खान फेंक रहे थे, जो उनके कोटे का आखिरी था। ओवर की शुरुआत में टिम डेविड स्ट्राइक पर थे और उन्होंने दूसरी गेंद पर एक रन लिया और अब तिलक वर्मा स्ट्राइक पर आ चुके थे। तिलक ने ओवर की तीसरी गेंद पर शॉट लगाया लेकिन रन भागने से इंकार कर दिया था। 17वें ओवर में मुंबई इंडियंस ने सिर्फ 3 रन बनाए थे, जब उन्हें जीत के लिए 39 रनों की दरकार थी। अब मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के सिंगल न लेने का समर्थन किया है। मैच के बाद हार्दिक ने कहा, "ज़ाहिर तौर पर हमने उन रनों का पीछा करने के लिए खुद को बैक किया, लेकिन यह उन दिनों में से एक था जब हमने देखा कि स्कोर पांच ओवर के मुकाबले कुछ कम था, मुझे लगता है कि वहां हमने मोमेंटम खो दिया।" हार्दिक ने आगे तिलक के सिंगल न लेने पर कहा कि तिलक को लगा कि उस वक्त पर यह बेहतर होगा।



स्विस ओपन 2024

# सेमीफाइनल में मिली हार के साथ किदांबी श्रीकांत का सफर समाप्त




**लिन चुन-यी ने हराया**

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने मैच की शानदार शुरुआत की और अपने आक्रामक स्मैश और बेहतरीन नेट प्ले की बदौलत शुरुआती गेम 21-15 से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में 31 वर्षीय श्रीकांत को अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे रहने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरे गेम में श्रीकांत की 4-1 की बढ़त के बावजूद चुन-यी ने तेजी से स्कोर 6-5 कर दिया। किदांबी श्रीकांत की स्विस ओपन 2024 यात्रा का दुर्भाग्यपूर्ण अंत हो गया क्योंकि भारत के शीर्ष शटलर को सेंट जैकबशाले मैदान में पुरुष एकल सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत एक घंटे और पांच मिनट तक चले अंतिम चार मैच में दुनिया के 22वें नंबर के चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ 21-15, 9-21, 18-21 से हार गए।

### सेमीफाइनल मैच में चूके श्रीकांत

- पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने मैच की शानदार शुरुआत की और अपने आक्रामक स्मैश और बेहतरीन नेट प्ले की बदौलत शुरुआती गेम 21-15 से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में 31 वर्षीय श्रीकांत को अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे रहने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरे गेम में श्रीकांत की 4-1 की बढ़त के बावजूद चुन-यी ने तेजी से स्कोर 6-5 कर दिया।

### स्विस ओपन में बचे एक मात्र भारतीय शटलर थे श्रीकांत

जब स्कोर 7-10 था, तो चीनी ताइपे के शटलर ने लगातार सात अंक जीत लिए, जिससे गेम श्रीकांत की पहुंच से बाहर हो गया। निर्णायक गेम में चुन-यी ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए 4-1 की बढ़त ले ली। हालांकि, आधे समय तक श्रीकांत को 11-10 की मामूली बढ़त हासिल थी। दोनों के बीच अंत तक कांटे की टक्कर देखने को मिली, जब चुन-यी ने लगातार तीन अंक लेकर स्कोर 16-16 कर दिया। श्रीकांत ने कुछ अप्रत्याशित गलतियां भी कीं, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को खेल पर नियंत्रण हासिल करने और मुकाबला जीतने में मदद मिली।


# श्रद्धा ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग रिश्ते पर लगाई मोहर!



अभिनेता शक्ति कपूर की लाडली बेटी श्रद्धा कपूर ने अपने करियर की शुरुआत में 'तीन पत्ती' और 'लव का द एंड' जैसी फिल्में की, लेकिन उन्हें सफलता फिल्म 'आशिकी 2' से मिली। श्रद्धा कपूर खुद इस बात को मानती हैं कि इस फिल्म ने उनके करियर की दशा और दिशा बदल दी। अब हाल ही में अभिनेत्री की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसे देख फैंस उनके रिलेशनशिप पर मुहर लगा रहे हैं। हाल ही में जामनगर में हुए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में श्रद्धा और राहुल को एक साथ देखा गया। इसके बाद से ही दोनों के बीच रिलेशनशिप को लेकर खबरें चल रही हैं। अब श्रद्धा कपूर ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उन्होंने 'R' का नेक पीस पहना है। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैन्स श्रद्धा और राहुल के रिलेशनशिप पर कयास लगा रहे हैं। बता दें कि श्रद्धा कपूर 'तूं झूठी मैं मक्कार' के राइटर राहुल मोदी के साथ उनका नाम पिछले काफी वक्त से जुड़ तो रहा था लेकिन इस रूमर्ड कपल ने कुछ कंफर्म नहीं किया था। इसी बीच हाल ही में श्रद्धा कपूर ने अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जिसे देखकर लग रहा है कि अभिनेत्री कंफर्म करना चाह रही हैं। यही नहीं, सोशल मीडिया पर फैंस श्रद्धा कपूर से उनके रिलेशनशिप को लेकर काफी तरह के सवाल कर रहे हैं। हालांकि अभिनेत्री ने अभी तक इन खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। श्रद्धा के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस साल श्रद्धा कपूर की कई फिल्में लाइन-अप हैं। इनमें कार्तिक आर्यन के साथ 'चंदू चैंपियन' भी शामिल है, जिसकी जून में रिलीज होने की संभावना है। वहीं, सुपरहिट हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री का सीक्वल भी इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। 'स्त्री 2' 30 अगस्त को रिलीज होगी। इसके अलावा अनुराग बसु की भी एक फिल्म में श्रद्धा नजर आने वाली हैं।


# राम चरण का फैंस को 'सरप्राइज'

## अपनी नई फिल्म का किया ऐलान



साउथ सुपरस्टार राम चरण लंबे समय से अपनी अपमकिंग फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर की फिल्म गेम चेंजर को लेकर उनके फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। आरआरआर के बाद अब राम चरण फिल्म गेम चेंजर में नजर आएंगे। वहीं अब राम चरण की एक और फिल्म का ऐलान हो गया है। राम चरण 27 मार्च को अपना जन्मदिन मनाने वाले हैं। एक्टर ने अपने बर्थडे से पहले ही अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दे दिया है। राम चरण ने अपनी नई फिल्म आरसी 16 का ऐलान कर दिया है। खास बात ये है कि इस फिल्म को पुष्पा 2 डायरेक्टर सुकुमार ही डायरेक्ट करने वाले हैं। जी हां, रिपोर्ट के मुताबिक राम चरण की फिल्म आरसी 16 में सुकुमार संग काम करते नजर आएंगे। फिलहाल सुकुमार अपनी मोस्ट अवेटिड फिल्म पुष्पा 2 को पूरा करने में बिजी है। अल्लू अर्जुन स्टारर ये फिल्म इसी साल 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होने वाली है। राम चरण ने अपने इंस्टाग्राम पर सुकुमार संग तस्वीर शेयर अपने कॉलोब्रेशन का ऐलान किया है। राम चरण के 38वें जन्मदिन पर एक और सरप्राइज मिलने वाला है। एक्टर के इस खास दिन पर उनकी फिल्म गेम चेंजर का पहला गाना भी रिलीज होने जा रहा है। इसके अलावा 27 मार्च को एक्टर की अपकमिंग फिल्म आरसी 16 का टाइटल भी अनाउंस हो सकता है। आरसी 16 फिल्म में राम चरण के अपोजिट जाह्नवी कपूर नजर आ सकती हैं। लंबे समय से दोनों के एक साथ फिल्म ने नजर आने की खबरें चल रही हैं। हाल ही में डायरेक्टर सुकुमार राम चरण की 16वीं फिल्म की पूजा सेरेमनी में पहुंचे थे। इस दौरान सुकुमार और राम चरण ने एक साथ कई तस्वीरें क्लिक कराई थी। ऐसा पहली बार नहीं है, जब सुकुमार और राम चरण एक साथ काम करने वाले हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म 'रंगास्थलम' में काम किया था। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। अब असुकुमार और रामचरम की फिल्म आरसी 16 के जोड़ी बनने से ये कहना गलत नहीं होगा कि ये फिल्म भी सुपरहिट साबित हो सकती है।

# 'मडगांव एक्सप्रेस' ने दी 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' को जोरदार टक्कर







बीते हफ्ते दो फिल्में एक साथ रिलीज हुई हैं। जिनमें से एक आजादी की लड़ाई में हीरो रहे विनायक दामोदर सावरकर की कहानी 'स्वतंत्र्य वीर सावरकर' है और दूसरी फिल्म कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' है। नाम से ही साफ है कि दोनों फिल्में एक-दूसरे से कितने अलग जॉनर की हैं। एक तरफ जहां देश की आजादी में अपनी जान की परवाह किए बिना अंग्रेजों से लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की कहानी है, वहीं दूसरी फिल्म 'दिल चाहता है' की याद दिला रही, जो गोवा जाकर मौज करने का सपना देखने वाले तीन दोस्तों की कहानी है। कमाई के लिहाज से दोनों ही फिल्में लगभग एक-दूसरे के बराबर ही कमाई कर रही हैं। रणदीप हुड्डा के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में कुछ बड़ी खामियां हैं, जो दर्शकों को काफी खल रही हैं। वहीं कमाई की बात करें तो दोनों एक-दूसरे को धोबी-पछाड़ देती दिख रही है। रणदीप हुड्डा के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्वतंत्र्य वीर सावरकर' में एक्टर खुद ही लीड रोल में दिख रहे हैं। हालांकि फिल्म में लीड किरदार को इस कदर महिमामंडित किया गया है कि आजादी की लड़ाई में अपनी जान की बाजी लगाने वाले बाकी सभी किरदार उनके सामने में काफी छोटे नजर आ रहे हैं और यही वजह है कि फिल्म की कहानी हजम करने में लोगों को थोड़ी तकलीफ भी हो रही है। महज 1.05 करोड़ से पहले दिन ओपनिंग करने वाली रणदीप हुड्डा की इस फिल्म की कमाई में शनिवार और रविवार को अच्छी बढ़त दिखी। फिल्म ने जहां शनिवार को 2.25 करोड़ का कलेक्शन किया है, वहीं इसने रविवार को 2.7 करोड़ की कमाई की है। 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' ने तीन दिनों में 6 करोड़ का कलेक्शन किया है। वर्ल्ड वाइड कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 7.90 करोड़ की कमाई कर ली है। विदेश में फिल्म ने मात्र 75 लाख का कलेक्शन किया है, जबकि देश में ग्रॉस कलेक्शन करीब 7.15 करोड़ कर चुकी है।

**वर्ल्डवाइड कमाई में निकली आगे**

# रानी मुखर्जी ने 'गुलाम' फिल्म का किस्सा शेयर किया



रानी मुखर्जी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 'राजा की आएगी बारात' से की। लेकिन उस फिल्म से उन्हें वो पॉपुलैरिटी नहीं मिली थी। इसी दौरान रानी की 'गुलाम' भी रिलीज हुई थी, जिसमें उनका एक छोटा सा रोल था। 'गुलाम' के सॉन्ग 'ए क्या बोलती तू' से रानी को पहचान मिली थी। ऐसे में एक इंटरव्यू के दौरान रानी मुखर्जी ने इस फिल्म से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। गुलाम', 'कुछ कुछ होता है' से कुछ महीने पहले ही रिलीज हुई थी। 'गुलाम' के लिए मेकर्स ने रानी के लिए एक डबिंग आर्टिस्ट लाने का फैसला किया था। क्योंकि मेकर्स को यकीन नहीं था कि रानी की असली आवाज फिल्म के लिए काम करेगी या नहीं। रानी मुखर्जी ने कहा- मेरी आवाज सामान्य सी लगने वाली आवाज नहीं थी। मेरी आवाज औरों से अलग थी। इसलिए मुझे लगता है कि उस समय मेकर्स मेरे ऊपर ये दांव नहीं लगाना चाहते थे। क्योंकि फिल्म में मेरे साथ आमिर खान थे, जो पहले से ही एक स्थापित एक्टर थे। डायरेक्टर विक्रम भट्ट ने मुझे समझाया था कि वे सिर्फ इसलिए एक डबिंग आर्टिस्ट रखना चाहते थे।

# तापसी पन्नू ने गुपचुप रचाई शादी!

## लाल गुलाल में सना दिखा कपल

हसीन दिलरुबा, थप्पड़ और पिंक से नाम कमाने वालीं एक्ट्रेस तापसी पन्नू इस वक्त अपनी गुपचुप शादी को लेकर चर्चा में हैं। एक तरफ पूरा देश होली के रंगों में डूबा हुआ है, दूसरी ओर सोशल मीडिया पर तापसी की सीक्रेट वेडिंग को लेकर बज शुरू हो गया है। अब तापसी की होली सेलिब्रेशन की तस्वीर भी सामने आ गई है। पिछले महीने ऐसी खबरें सामने आई थीं कि तापसी पन्नू लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी रचाने जा रही हैं। अब खबर आ रही है कि अभिनेत्री एक सीक्रेट वेडिंग में ब्वॉयफ्रेंड मैथियास के साथ शादी रचा चुकी हैं। उन्होंने उदयपुर में एक-दूसरे के साथ सात फेरे लिए। अब कपल ने होली खेली है। अगर शादी की खबरें सच हैं तो अभिनेत्री ने पहली बार पार्टनर मैथियास बो के साथ होली खेली है। तापसी के दोस्त अभिलाष थापलियाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर होली सेलिब्रेशन की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ तापसी के दोस्त ने कैप्शन में लिखा, "हमारी तो होली।" तस्वीर में तापसी पन्नू और उनके पार्टनर मैथियास बो अपने दोस्तों के साथ होली के रंग में डूबे हुए हैं। ध्यान खींचने वाली बात है कि तापसी ने लाल गुलाल से अपनी मांग भी भरी है। वहीं मैथियास भी लाल गुलाल से सने हुए हैं। तापसी ब्लू कलर के सूट में मुस्कुराते हुए कैमरे के लिए पोज दे रही हैं। मैथियास सबसे पीछे खड़े हुए हैं। तापसी पन्नू ने 20 मार्च 2024 को मैथियास बो के साथ गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। कहा जा रहा है कि अभिनेत्री अपनी शादी में कोई शोर-शराबा नहीं चाहती थी, इसलिए उन्होंने बहुत ही सीक्रेट तरीके से शादी रचाई। इस शादी में बॉलीवुड से सिर्फ अनुराग कश्यप और थप्पड़ को-स्टार पावेल गुलाटी ने शिरकत की है। हाल ही में पावेल ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर भी शेयर की, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, "ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार, हमें नहीं पता है कि हम कहां हैं।" इस फोटो से कयास लगाए जा रहे थे कि यह तापसी और मैथियास की शादी से है। खैर, अभी तक तापसी या मैथियास ने शादी की ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।



# सितारों पर चढ़ा होली का खुमार

होली की त्योहार हर बार की तरह इस बार भी फिल्मी दुनिया में जनकर सबने सेलिब्रेट किया है। इस सेलिब्रेशन के मौके पर टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी से लेकर सनी लियोनी, दीया मिर्जा, अंकिता लोखंडे और विक्की कौशल, शबाना आजमी और जावेद अख्तर, सोहा अली खान और कुणाल खेमू जैसे सितारों मे जमकर होली मनाई है। इस सेलिब्रेशन की कोई खूबसूरत झलकियां सोशल मीडिया पर भी खूब छाई हैं। होली का रंग फिल्मी सितारों पर न चढ़े ऐसा भला कैसे हो सकता है। साल 2024 की होली फिल्मी दुनिया में भी खूब सेलिब्रेट की गई है। कई फिल्मी सितारों ने अपने रंगों के इस त्योहार की झलक खुद शेयर की है और कुछ की झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर की है।

## दिशा पटानी का होली सेलिब्रेशन



दिशा पटानी जल्द ही 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आने वाली हैं। ऐसे में उन्होंने होली भी सितारों के साथ ही मनाई। तीनों रंगों से मस्ती करते दिखाई दे रहे हैं।

## रकुलप्रीत और जैकी ने शादी के बाद पहली होली मनाई



होली का लोग हर साल ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन इस बार कुछ सेलेब्स के लिए ये होली बेहद खास है, क्योंकि वे शादी के बाद पहली बार होली खेल रहे हैं। रकुलप्रीत सिंह और जैकी भगनानी 21 फरवरी, 2024 को शादी के बंधन में बंधे थे। अब शादी के बाद आज कपल अपनी पहली होली सेलिब्रेट कर रहा है। रकुलप्रीत ने जैकी संग अपनी पहली होली सेलिब्रेशन की फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी को होली की बधाई दी है। रकुलप्रीत ने जैकी संग अपनी पहली होली सेलिब्रेशन की फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी को होली की बधाई दी है। फोटोज में कपल को व्हाइट में ट्विनिंग करते देखा जा सकता है। जहां व्हाइट सूट में रकुप्रीत बेहद प्यारी दिख रही हैं तो वहीं जैकी भी व्हार्ट कुर्ते में कम नहीं दिख रहे। फोटोज में कपल को व्हाइट में ट्विनिंग करते देखा जा सकता है। जहां व्हाइट सूट में रकुप्रीत बेहद प्यारी दिख रही हैं तो वहीं जैकी भी व्हार्ट कुर्ते में कम नहीं दिख रहे।

## रवीना टंडन ने होली पर बेटी संग मस्ती की

होली की धूम पूरे भारत में मची हुई है। बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के सितारे भी होली को धूमधाम से मना रहे हैं। इंटरनेट पर एक-एक कर सभी सितारों के वीडियो छा गए हैं। कोई पिचकारी से पानी डालता दिख रहा है तो कोई अपने पार्टनर को रंग लगाता नजर आया। फैंस को भी सितारों का होली वाला अंदाज बहुत पसंद आ रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन को होली पर बेटी संग मस्ती करते हुए देखा गया। दोनों एक साथ रंगों से इतनी रंगी दिखीं कि उन्हें पहचानना तक मुश्किल हो रहा था। फैंस को मा-बेटी का होली वाला अंदाज बहुत पसंद आ रहा है।



## शिल्पा शेट्टी ने की मस्ती



शिल्पा शेट्टी का होली सेलिब्रेशन भी बहुत खास है। एक्ट्रेस ने घर पर बच्चों के साथ होली मनाई है। फूल, पानी, रंग और गुब्बारों के साथ एक्ट्रेस बच्चों संग मस्ती करती दिखाई दीं।

## सोहा का वायरल वीडियो



सोहा अली खान पर होली की मस्ती का खुमार चढ़ा हुआ है। बच्चों और पति पर पानी और रंग डाल एक्ट्रेस होली मनाती दिखाई दीं।



## अंकिता और विक्की की होली पार्टी

अंकिता लोखंडे और विक्की जैन को भी एक साथ होली मनाते हुए देखा गया। दोनों होली वाले अंदाज में कमाल दिखे और एक दूसरे के गालो पर पीला रंग लगाते दिखे।कपल एक साथ बहुत कमाल दिख रहा है।

## चारु असोपा की फूलों वाली होली



चारु असोपा अपनी बेटी संग फूलों वाली होली खेलती दिखाई दीं। दोनों वीडियो में ट्वीनिंग करती एक दूसरे पर फूल डालती दिखाई दे रही हैं।

## रणबीर और अलिया ने दोस्तों के साथ मनाया होली का जश्न

आज सिर्फ आम लोग ही नहीं बॉलीवुड सेलेब्स भी होली के जश्न में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां कई सितारे होली पार्टी में धमाल मचाते नजर आ रहे हैं। वहीं इंडस्ट्री में फैंस की फेवरेट जोड़ी रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने ये त्योहार अपने खास दोस्तों के साथ मनाया। इसका एक वीडियो भी हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अकेले नहीं बल्कि अपने लाडली बेटी राहा कपूर के साथ दिखे।



वीडियो में ये स्टार कपल अपने पड़ोसी और खास दोस्तों के साथ गुलाल से होली खेलते दिखे। इसी दौरान फैंस को राहा कपूर की झलक देखने को मिली। जो व्हाइट फ्राक पहने नजर आ रही हैं।

# होली पर काटे गए 12 हजार चालान, 18 सीज





**नोएडा ( चेतना मंच )।** होली के अवसर पर गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया।अभियान के तहत 12284 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहनों को दौड़ा रहे 8110 चालकों का चालान किया गया तथा 18 वाहनों को सीज भी किया ।

पुलिस कमिश्नर के पीआरओ ने बताया कि होली के मद्देनजर डीसीपी ट्रैफिक के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत 44 स्थान पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 67 वाहन चालकों के खिलाफ ई चालान तथा वाहनों सीज करने की कार्रवाई की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 12284 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान बिना हेलमेट के दो पहिया वाहनों को दौड़ा रहे 8110 चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के 372, ट्रिपल राइडिंग के 906, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करते हुए 82, नो पार्किंग के 402, रॉन्ग साइड आने वाले 633 वाहन चालकों के चालान किये। इनके अलावा पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण के 79, वायु प्रदूषण के 32,दोषपूर्ण नंबर प्लेट के 337, रेड लाइट जंप के 411, बिना डीएल के 172 तथा 306 चालान ओवर स्पीड के किये। पुलिस ने अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 412 चालान करते हुए कुल 12284 चालान किये।

# पोल्ट्री फार्म में पैसे लगाने के नाम पर ठगे लाखों रूपये

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पोल्ट्री फार्म में पैसे लगाकर बेहतर मुनाफे का लालच देकर रिश्तेदार ने एक व्यक्ति से 17 लाख रुपए हड़प लिए। उधार के रुपए वापस मांगने पर आरोपी ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दे। पीड़ित ने थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।



ग्राम बंबावड निवासी ब्रह्मपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके साले नवल सिंह के माध्यम से उसकी मुलाकात जनपद करनाल हरियाणा निवासी मदन रावल से हुई। मदन रावल उसके साले नवल सिंह का रिश्तेदार है। मदन रावल ने उसे बताया कि उसका मुर्गी पालन का व्यवसाय है तथा हरियाणा में उसके कई पोल्ट्री फार्म है। उसने कहा कि उसे अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए पैसों की आवश्यकता है यदि वह उसकी मदद करता है तो उसे भी अच्छा मुनाफा होगा। मदन रावल ने उसे झूठे व लुभावने प्रलोभन देते हुए कहा कि अगर वह 17 लाख रुपए उसे उधार दे देता है तो वह उसके पैसे दो वर्ष के भीतर अच्छे मुनाफे के साथ वापस कर देगा। ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि मदन रावल के झांसे में आकर उसने उसे 17 लाख रुपए उधार दे दिए। 2 वर्ष की अवधि बीतने के पश्चात मदन रावल ने जब पैसे नहीं लौटाए तो उसने अपने पैसे व मुनाफे की मांग की। मदन रावल ने कोई ना कोई बहाना करते हुए कई बार टरका दिया। उसने जब ज्यादा जोर दिया तो मदन रावल ने उसे 17 लाख रुपए का चेक दिया जो बाउंस हो गया। इसके बाद उसने मदन रावल से अपने पैसों को वापस दिए जाने की मांग की तो उसने गाली गलौज व अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वह उसके पैसे नहीं देगा।उसने कहीं शिकायत की तो जान से भी हाथ धो बैठेगा। उसने इसकी शिकायत थाने में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।इसके बाद उसने न्यायालय में याचिका दायर कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। न्यायालय के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# जिला बदर बदमाश को तमंचे के साथ दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला बदर किए जाने के बावजूद भी जनपद की सीमा में घूम रहे एक बदमाश को थाना फेस दो पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ है।



थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि थाने से जिला बदर किया गया बदमाश विक्की उर्फ बिल्ली उर्फ मानिकचंद पुत्र हरि सिंह ग्राम गेझा एसके 2 सोसायटी की ग्रीन बेल्ट के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने विक्की उर्फ बिल्ली उर्फ मानिकचंद को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को 4 अक्टूबर को जिला बदर किया गया था। 27 अक्टूबर को उसे जिला बदर किए जाने के आदेश को तामील करा दिया गया था। जिला बदर किए जाने के बाद भी आरोपी जनपद की सीमा में घूम रहा था। आरोपी को गुंडा अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# फलों पर थूक लगाने वाला सलाखों के पीछे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फलों पर थूक लगाकर उन्हें बेचने वाले विक्रेता के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने थाना बीटा 2 में मुकदमा दर्ज कराया है। फल विक्रेता द्वारा फलों पर थूक लगाने की एक वीडियो हाल ही में वायरल हुई थी।

बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक फल विक्रेता की वीडियो वायरल हुई थी। इस वीडियो में फल विक्रेता फलों पर थूक लगाता हुआ दिख रहा था। करीब 29 सेकंड की इस वीडियो में फल विक्रेता कई बार फलों पर थूक लगता हुआ दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होने पर लोगों ने तरह-तरह की प्रतिक्रिया देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। सोशल मीडिया पर भी इस वीडियो को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने नाराजगी जाहिर की थी। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अतुल गुर्जर ने फल विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी फल विक्रेता के लिए तलाश कर रही है। पूर्व में भी पुलिस ने एक ऐसे नारियल विक्रेता को गिरफ्तार किया था जो नाली के गंदे पानी से उन्हें धोकर बेच रहा था।



**गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों द्वारा होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना बिसरख क्षेत्रांतर्गत गौर-सिटी चौराहा एवं हनुमान मंदिर चौक पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कराई गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

## जन्मदिन की बधाई

**तुम जियो हजारों साल।**
**साल के दिन हों 50 हजार ।।**



**नंगला चरणदास फेज-2 नोएडा निवासी श्री भूपेन्द्र शर्मा ( भाकियू नेता ) के सुपुत्र जय शर्मा** के जन्मदिन पर चेतना मंच की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। जय शर्मा अपने जीवन पथ पर निरंतर उपलब्धियां प्राप्त करें यही कामना है।

**चेतना मंच परिवार**

# सचिन पायलट के साथ मनाई होली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के संग नोएडा कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने होली का पर्व मनाया।

होली के उपलक्ष्य में नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कांग्रेस पार्टी के महासचिव व राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर सचिन पायलट ने सभी देशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दी और कहाकि जिस तरह से आज देश का माहौल बिगड़ा हुआ है उसे त्यैहारों के माध्यम से आपसी भाईचारे को बढ़ावा देकर सही किया जा सकता है। इसलिये हम सब को मिलजुलकर अपने सभी त्योहारों को प्यार व शान्ति से मनाना चाहिए।

इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने भी सचिन पायलट को रंग लगाते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएँ दी।



इस अवसर पर नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, आईसीसी सदस्य बबली नागर, पीसीसी सदस्य देवेंद्र भाटी, उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा,पीसीसी सदस्य रिज़वान चौधरी, पीसीसी सदस्य सोनू प्रधान, महासचिव जितेंद्र चौधरी, ऊधम सिंह नागर,यशराम तंवर, संदीप नागर,राजू नागर, डॉ जितेंश गुर्जर, कपिल भाटी, मोनू नागर, रोहित चौहान आदि सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी भाजपा में शामिल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जनजातीय प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुंडिया, सोनू वाल्मीकि- अध्यक्ष नोएडा महानगर अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ, दीपांशु सूद- जिला उपाध्यक्ष छात्र सभा, दीपक छजलाना- जिला उपाध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ सहित कई पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए।



मोदी सरकार की नीतियों जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है और सपा पार्टी की सिर्फ़ एक वर्ग को लुभाने की सोच ने इनको भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इन सभी कार्यकर्ताओं ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा को ये विश्वास दिलाया कि एक बार फिर गौतमबुद्ध नगर से उनकी जीत पक्की हैभ्। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता भी मौजूद थे।

इन लोगों में रवींद्र प्रधान, संजीत वाल्मीकि, सतपाल वाल्मीकि,आनंद बगड़ी, मिंटू चड्ढा, चन्द्रपाल वाल्मीकि, पिंटू वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, सौरव वाल्मीकि, मोहित वाल्मीकि, विकास चौधरी, संजय सूद, सुनील टाँक, सोनू वाल्मीकि, मयंक चोटला, कुणाल वाल्मीकि, भीम प्रधान, चीनू बरोला, निशु वाल्मीकि, सुमित चौहान आदि लोग भाजपा में शामिल हुए।